www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 06 जनवरी 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-319 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

समय बहाकर ले जाता है नाम और निशां कोई 'हम' में रह जाता है तो कोई 'अहम' में

आज बेबाक

सपनों पर कोई टैक्स तो लगता नहीं। कोई भी कभी भी कैसा भी सपना देख सकता है। सपने दिखाने वाले सपनों के सौदागर भी मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने देख सकते है। यूपी के टीपू को अगर भगवान कृष्ण रोज सपने में दिखते है और कहते है कि उनकी सरकार बनेगी तो इसमें हैरानी वाली कोई बात नहीं है। कृष्ण जी भी तो कंस के सपने में आते थे। देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव आते तक कौन कौन से भगवान किस किस नेता के सपने में आते है और किस पर अपनी कृपा बरसाकर सत्ता के सिहासन तक पहुंचाते है।

सूर्योदय

उदय : 6.45 प्रात:

अस्त : 5:15 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,918,216,420

भारत : 1,400,881,300

बाजार

सेंसेक्स : 60,223.15

निफ्टी : 17,925.25

गोल्ड : 47,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.26 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	27.1	12.7
बिलासपुर	26.7	11.9
जगदलपुर	27.4	10.3
अंबिकापुर	27.4	10.3

आज का दिवस

विश्व अनाथ दिवस

6 जनवरी का दिन वर्ल्ड वर ऑर्फन डे के रूप में युद्ध में शहीद हुए सेनिको के बच्चों के लिए मनाया जाता हैं। दुनियाभर में ऐसे बच्चों की तादाद लाखों में हैं। ऐसे ही लाखों बच्चों की याद बनाए रखने के लिए और दुनिया को जंग की कीमत समझाने के लिए हर साल 6 जनवरी को युद्ध अनाथों का विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उन बच्चों को संबोधित करना के लिए मनाया जाता हैं जिन्होंने युद्ध में अपने माँ बाप को खोया हो।

सीएम भूपेश के निर्देश के बाद मास्क को लेकर प्रशासन ने अपनाया सख्त तेवर

■ **लॉकडाउन से बचना है तो मास्क है जरुरी - चौबे**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में फिर से कोरोना ने गंभीर रूप धारण किया, जिसके बाद प्रशासन ने फिर से मास्क नहीं लगाने वालों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। सीएम भूपेश बघेल ने भी बुधवार की बैठक में जिला कलेक्टरों को सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। जिसके बाद प्रशासन ने भी अपने अमले को सड़कों पर उतारकर मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

सीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोविड संक्रमण ने प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। कोरोना के भयावह रूप सबसे ज्यादा रायपुर जिला में दिखाई दे रहा है। कोरोना के सर्वाधिक मरीज रायपुर से ही मिल रहे है। जिसे देखते हुए सीएम भूपेश बघेल ने बुधवार को आला अफसरों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में साफ़ तौर पर सीएम ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर हेतु भारत

सरकार से प्रोटोकॉल जारी किए जाने का अनुरोध करें। साथ ही प्रदेश में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए परीक्षा लेने और सेंटरों की संख्या बढाने का निर्देश दिया है। सीएम ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कोविड की तीसरी लहर से डरने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों पर कोई रोक नहीं है लेकिन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का अनुरोध किया है।

प्रभारी मंत्री चौबे ने जिला प्रशासन के साथ की समीक्षा

सीएम की बैठक के बाद बुधवार को रायपुर जिला प्रशासन ने भी महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी। इस बैठक में राज्य के कैबिनेट मंत्री व रायपुर जिला के प्रभारी मंत्री रविंद्र चौबे, रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार, एसपी प्रशात अग्रवाल, सीएमएचओ मीरा बघेल, चैंबर अध्यक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नाइट कर्फ्यू गाइडलाइंस

रायपुर में रात 9 बजे से प्रातः 6 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया गया है, परन्तु कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए थोक व्यापार, सब्जी मंडी, लोडिंग अनलोडिंग की अनुमति दी गई है। पेट्रोल पम्प, दवाई दुकान, दवाई की डिलीवरी, एम्बुलेंस प्रतिबंध से छूट होगा एवं पूर्ववत् नियमित समय अनुसार संचालित रहेगें।होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, बेकरी आईट्म, फूड कोर्ट एवं अन्य खाद्य संबंधी प्रतिष्ठान रात्रि 11 बजे तक संचालित होगें। रायपुर जिले अंतर्गत सभी मॉल, जिम, सिनेमाघर, होटल, रेस्टोरेंट, ऑडिटोरियम, मैरिज हॉल एवं अन्य आयोजन स्थलों को आगामी आदेश तक एक तिहाई क्षमता के साथ संचालित किया जा सकेगा। रायपुर रेल्वे स्टेशन, अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड एवं एयरपोर्ट पर राज्य के बाहर से आने वाले यात्रियों को पहुंचने पर 72 घंटे पूर्व का कोरोना टेस्ट आर.टी.पी.सी.आर. निगेटिव रिपोर्ट दिखाना आवश्यक होगा, अन्यथा उपरोक्त स्थानों पर सैम्पलिंग/टेस्टिंग की जावेगी एवं रिपोर्ट आने पर संबंधित यात्रियों को स्वयं के व्यय पर क्वारटाईटन रहना पडेगा। समस्त व्यवसायिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी के रास्ते में आए प्रदर्शनकारी किसान, 15 मिनट तक फंसा रहा काफिला

फिरोजपुर रैली रद्द

फिरोजपुर (ए.)। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का बड़ा मामला सामने आया है. इसमें उनके रास्ते को प्रदर्शनकारी किसानों ने करीब 15 मिनट तक रोककर रखा. इसके चलते फिरोजपुर में आज होने वाली पीएम मोदी की रैली भी रद्द हो गई. गृह मंत्रालय की तरफ से इसपर बयान भी जारी किया गया है. साथ ही साथ पंजाब सरकार से जवाब भी मांगा गया है. बीजेपी ने इसपर सीएम चन्नी का इस्तीफा मांगा है.

गृह मंत्रालय की तरफ से जो बयान जारी किया गया है उसमें लिखा है कि पीएम सुबह बठिंडा पहुंचे थे. फिर वहां से उनको हेलिकॉप्टर से हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाना था. लेकिन बारिश और कम दृश्यता की वजह से पहले पीएम को 20 मिनट इंतजार करना पड़ा. फिर आसमान साफ ना होता देख उन्होंने सड़क मार्ग से वहां जाने का फैसला किया. इसमें करीब 2 घंटे लगने थे. इसके बारे में पंजाब पुलिस के डीजीपी को बताकर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की रजामंदी ली गई.

सुरक्षा गार्ड पीएम की गाड़ी के आसपास खड़े दिखे: गृह मंत्रालय ने कहा कि पीएम के ट्रेवल प्लान के बारे में पंजाब सरकार को पहले से बताया गया था. इसको ध्यान में रखकर उनको सही तैयारी, व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम करने थे और आकस्मिकता को ध्यान में रखकर भी तैयार रहना था. आकस्मिकता प्लान को ध्यान में रखकर पंजाब सरकार को सड़क मार्ग पर भी अतिरिक्त पुलिस लगानी थी जो कि नहीं किया गया.

पीएम मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर रोका गया था

आगे बताया गया कि जब काफिला राष्ट्रीय शहीद स्मारक से 30 किलोमीटर दूर था तब रास्ते में एक फ्लाईओवर आया. वहां रास्ते को प्रदर्शनकारियों ने रोका हुआ था. उस फ्लाईओवर पर पीएम मोदी का काफिला 15-20 मिनट फंसा रहा. इसे गृह मंत्रालय ने पीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक माना है.

पीएम के काफिले से थोड़ी ही दूर थे प्रदर्शनकारी

वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब आकर यहां की जनता को पैकेज (परियोजनाओं का ऐलान) देना चाहते थे. लेकिन उनको ऐसा नहीं करने दिया गया. उनको कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंचने दिया गया. पीएम मोदी को सुरक्षा नहीं दी गई. सीएम चन्नी को इस्तीफा देना चाहिए.'

मौके पर बाद में पंजाब पुलिस भी दिखी

आगे कहा गया है कि सुरक्षा में हुई इस चूक के बाद काफिले को वापस बठिंडा एयरपोर्ट की तरफ मोड़ लिया गया. गृह मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने इस मसले का संज्ञान लिया है और इसे सुरक्षा में गंभीर चूक माना है, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को देनी होगी. राज्य सरकार को यह भी साफ करना होगा कि चूक किसकी वजह से हुई और उसपर सख्त एक्शन लेना होगा.

अपने सीएम को थैंक्स कहना कि मैं एयरपोर्ट जिंदा लौट पाया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है. उनकी पंजाब के फिरोजपुर में बड़ी रैली होनी थी. लेकिन प्रदर्शन कर रहे किसानों ने सड़क पर ही उनके काफिले को रोक दिया. अब ANI से बात करते हुए अधिकारियों ने बताया है कि पीएम मोदी इस घटना से खासा नाराज हैं. उन्होंने सीएम चन्नी पर निशाना साधते हुए कहा है कि अपने सीएम को थैंक्स कहना कि मैं एयरपोर्ट जिंदा लौट पाया.

बताया जा रहा है कि पीएम मोदी जब बठिंडा एयरपोर्ट पर वापस लौट रहे थे, तब उन्होंने अधिकारियों को ये संदेश दिया था. उन्होंने साफ-साफ सीएम चन्नी पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा था कि अपने सीएम को थैंक्स कहना मैं बठिंडा एयरपोर्ट तक जिंदा लौट पाया।

कोरोना से जंग में एक और उपलब्धि

भारत बायोटेक की नेजल वैक्सीन के तीसरे फेज की स्टडी मंजूर

नई दिल्ली (ए.)। DCGI की विशेषज्ञ समिति (SEC) ने भारत बायोटेक को नेजल वैक्सीन के तीसरे फेज की स्टडी की मंजूरी दे दी है। कोरोना के खिलाफ जंग में ये मंजूरी अहम मानी जा सकती है। इस तीसरे फेज में बायोटेक इस पर भी रिसर्च करेगा कि क्या इसे कोरोना के बूस्टर डोज के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है? इससे पहले इस संबंध में बीते मंगलवार को एक्टपर्ट्स कमिटी की अहम बैठक भी हुई थी।

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) की एक्सपर्ट कमिटी ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए भारत बायोटेक की नेजल वैक्सीन के तीसरे फेज की स्टडी के लिए मंजूरी दी। भारत बायोटेक अब इस पर भी रिसर्च करेगा कि

क्या नाक से दी जाने वाली इस वैक्सीन का बूस्टर डोज के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है? इससे पहले इस संबंध में मंगलवार को एक अहम मीटिंग भी हुई थी। दरअसल, कंपनी ने इसके इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए सरकार से मंजूरी मांगी थी। भारत बायोटेक का कहना है कि दो डोज लगवा चुके लोगों को अगर बूस्टर डोज दिया जाता है तो उसकी नेजल वैक्सीन अच्छा विकल्प साबित हो सकती है।

छत्तीसगढ़ में ओमिक्रॉन की दस्तक, मिला पहला मरीज

बिलासपुर। जिले में कोविड-19 के ओमिक्रॉन वेरिएंट के एक मरीज की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात से लौटे बिलासपुर जिले के एक 52 वर्षीय व्यक्ति के कोरोना पीड़ित होने के बाद उसका सैंपल

जिनोमिक सिक्रेसिंग जांच के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज भुवनेश्वर भेजा गया था। स्वास्थ्य विभाग को आज जांच रिपोर्ट मिली है जिसमें कोविड-19 के ओमिक्रॉन वेरिएंट की पुष्टि हुई है।

कश्मीर में अब आतंकियों की गोलियों भी हो जाएंगी बेअसर

■ **अब बुलेटप्रूफ जैकेट में अमेरिकी राइफल से प्रहार करेगी पुलिस**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद रोधी और सुरक्षा अभियानों में शामिल अपने कर्मियों के लिए 8,000 से अधिक बुलेट रोधी (बीआर) जैकेट खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस विभिन्न स्तरों की सुरक्षा वाले बीआर वाहन और वाहनों के लिए शीशें, हेलमेट, अल्ट्रा-वाइड सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और डीप सर्च माइन डिटेक्टर भी खरीदेगी।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस स्तर-पांच सुरक्षा की कम से कम 7,416 बीआर जैकेट और स्तर-छह सुरक्षा की 784 बीआर जैकेट खरीदेगी, ताकि आतंकवादी रोधी और सुरक्षा अभियानों में शामिल उसके कर्मियों को सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा मुहैया कराई जा सके।

उन्होंने बताया कि स्तर-पांच और स्तर-छह खतरे और सुरक्षा के उच्च ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने की कलेक्टरों पर बड़ी कार्रवाई

6 जिलों के कलेक्टरों को शोकॉस नोटिस जारी

■ **असमय हुई बारिश से भीगा था 38 हजार टन धान**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में धान संग्रहण में बरती गई लापरवाही को लेकर कैबिनेट उपसमिति ने कड़ा रवैया अख्तियार कर लिया है। खाद्यमंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता वाली उपसमिति में वन मंत्री मोहम्मद अकबर और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम भी शामिल थे। जिसमें प्रदेश के आधा दर्जन जिलों के कलेक्टरों को नोटिस जारी किए जाने की अनुशंसा की गई है। वहीं संबंधित जिलों के डीएमओ और पंजीयक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बीते वर्ष 25 दिसंबर से 27 दिसंबर के बीच बेमौसम बारिश हुई। बारिश की निरंतरता की वजह से कई जिलों के संग्रहण केंद्रों में रखे गए धान भीग गए, जिसकी वजह से बड़े नुकसान की आशंका जाहिर की गई है। इस मसले को लेकर आज कैबिनेट उपसमिति की बैठक हुई, जिसमें कलेक्टरों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा, कहा- दिल्ली पुलिस कमिश्नर पद पर राकेश अस्थाना की नियुक्ति जायज

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देते हुए कहा कि दिल्ली में पुलिस कमिश्नर के तौर पर 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना की नियुक्ति को जायज ठहराया है। केंद्र सरकार ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली की सार्वजनिक व्यवस्था को संभालना बेहद चुनौतीपूर्ण है और देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राकेश अस्थाना जैसे अधिकारी को दिल्ली पुलिस प्रमुख नियुक्त करने की आवश्यकता थी।

दरअसल, आईपीएस राकेश अस्थाना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं के

जवाब में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामा जमा किया। जिसमें केंद्र ने कहा कि उन्हें नेशनल कैपिटल टेरिटरी दिल्ली में पैदा हुई हालिया कानून और व्यवस्था की स्थिति पर प्रभावी पुलिसिंग के लिए चुना गया था। केंद्र ने अपने हलफनामे में मांग की कि अस्थाना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज किया जाए। उनके तबादले और सेवा विस्तार दोनों को अदालत में चुनौती दी गई है।

गरमा-गरम

राजनीति... रिसाली नगर निगम की पहली मेयर बनी शशि सिन्हा

शहर सत्ता कांग्रेस के हाथ, रिसाली निगम और खैरागढ़ नपा में कांग्रेस का कब्जा

रिसाली/खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हुए 15 निकायों में कांग्रेस ने लगभग सभी निकायों में कांग्रेस के बाहरी मतों से जीत हासिल किया तो वहीं कुछ निकायों में भाजपा ने अपना वर्चस्व कायम रखा। मतगणना के बाद महापौर और नपा अध्यक्ष की बाजी भी कांग्रेस के हाथ लगते दिखाई दिया। उधर बैकुंठपुर और शिवपुर-चरचा में कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का खमियाजा भी भुगतना पड़ा जिसके चलते बहुमत के बाद भी शहर सत्ता कांग्रेस के हाथ से निकल गई।

रिसाली नगर निगम में कांग्रेस की जीत

रिसाली नगर निगम में बुधवार को हुए मेयर के चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत मिली है। अब शशि सिन्हा रिसाली नगर निगम की पहली महापौर बन गई है। वहीं, केशव बंछोर भी सभापति चुनाव में बाजी मारकर पहले सभापति बन गए हैं। रिसाली नगर निगम में बुधवार को महापौर और सभापति का चुनाव किया गया। रिसाली नगर निगम का यह पहला चुनाव था जिसमे दोनों ही पदों पर जीत हासिल कर कांग्रेस ने इतिहास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खैरागढ़ नगर पालिका में कांग्रेस के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

खैरागढ़ नगर पालिका में भी स्थानीय सरकार बनाने में कांग्रेस को सफलता मिली है। पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद कांग्रेस के पाले में चली गई है। जिससे भाजपा के मनसूबे पर एक बार फिर पानी फिर गया है। खैरागढ़ नगर पालिका में कांग्रेस पार्षद शैलेंद्र वर्मा को अध्यक्ष और अब्दुल रज्जाक खान उपाध्यक्ष के रूप में चुन लिए गए हैं। ये चुनाव लॉटरी के माध्यम से किया गया है। जिसमे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों को 10-10 वोट मिले। गौरतलब है कि खैरागढ़ नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच टाई हो गया था। जिसके बाद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए भी एक बड़ा पेंच फंसा था,जिसे लॉटरी के माध्यम से सुलझाया गया है। दरअसल पालिका में सरकार बनाने 11 सीटों का बहुमत जरूरी है, जो दोनो दलों के पास फिलहाल नहीं है। 20 पार्षदों वाली खैरागढ़ नगर पालिका में मतगणना के समय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चीन में 'बेवफा सनम' संग रहना होगा जन्म-जन्म

बीजिंग। चीन में अब कोई भी दंपती सिर्फचीटिंग को आधार बनाते हुए तलाक नहीं ले सकते हैं। दरअसल, चीन की एक कोर्ट ने कहा है कि वह सिर्फ धोखे को आधार बनाकर तलाक के लिए आवेदन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। कोर्ट के इस फैसले की काफी आलोचना हो रही है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, यह फैसला शेदॉन्ग प्रांत के कोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने कहा कि चीटिंग करना सहवास करना नहीं है क्योंकि सहवास का अर्थ है एक शादीशुदा का किसी अन्य के साथ बिना शादी किए ही स्थायी और लगातार संबंध में रहना।

■ न्यूज गैलरी

रिसाली निगम की पहली महापौर कांग्रेस की शशि सिन्हा

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। रिसाली निगम की पहली महापौर कांग्रेस की शशि सिन्हा निर्वाचित हुई, जबकि सभापति केशव बंछोर चुने गए. चुनाव में जहां कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी शशि सिन्हा को 27 मत मिले, तो वहीं भाजपा की महापौर प्रत्याशी रमा साहू को 9 मत मिले. निर्दलीय महापौर प्रत्याशी सुनंदा चंद्राकर को 4 मत ही मिले. कांग्रेस के पार्षद केशव बंछोर ने 27 मत हासिल कर जीत हासिल की, जबकि भाजपा के सभापति प्रत्याशी धर्मेन्द्र भगत को 13 मत मिले. चुनाव में कांग्रेस के 21 व भाजपा के 12 पार्षद जीतकर आए थे. इसके पहले रिसाली नगर निगम में निर्वाचित पार्षदों को बुधवार सुबह कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने शपथ दिलाई. इस दौरान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ,सांसद विजय बघेल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, भाजपा नेता राकेश पांडेय और सांवला राम डाहरे, कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, विकास उपाध्याय, बृजमोहन सिंह, सुदेश देशमुख, पूर्व महापौर नीता लोधी,आरएन वर्मा, अरूण सिंह सिसोदिया,मो. इरफान खान ,हेमंत बंजारे, जितेन्द्र साहू उपस्थित थे। महापौर तथा सभापति चुने जाने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित महापौर तथा सभापति को फूल मालाओं से लाद दिया. इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई।

सामूहिक समारोह में प्रवेश पर जिला दण्डाधिकारी की अनुमति अनिवार्य

दुर्ग (नव प्रदेश)। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार विवाह/अंत्योष्टि, दशगात्र आदि सामूहिक समारोह कार्यक्रम स्थलों में निर्धारित क्षमता से एक तिहाई एवं 200 से अधिक व्यक्तियों के प्रवेश के लिए जिला दण्डाधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। कार्यालय कलेक्टर से जारी आदेशानुसार दुर्ग जिले में उक्त नियम का परिपालन किया जाना अनिवार्य किया गया है। जिले के नागरिकों से नियम का पालन कर कोविड संक्रमण के रोकथाम में प्रशासन का सहयोग अपेक्षित किया गया है।

अवैध शराब विक्रयकर्ताओं के खिलाफ कार्यवाही

दुर्ग (नव प्रदेश)। सचिव एवं आबकारी आयुक्त श्री निरंजन दास के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिले के देशी एवं विदेशी शराब दुकानों में आबकारी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा 03 जनवरी को छापामार कार्यवाही की गई।

10 दिनों के अंदर टैक्स जमा नहीं किया तो नाम होगा सार्वजनिक

बकायेदारों की फेहरिस्त हो रही है तैयार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। ऐसे बकायेदार जिन्होंने पूर्व से लेकर पिछले वित्तीय वर्ष तक की संपत्तिकर जमा नहीं की है ऐसे लोगों की फेहरिस्त तैयार की जा रही है, यह बकायेदार यदि 10 दिनों के भीतर टैक्स जमा नहीं करते हैं तो इनका नाम सार्वजनिक किया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी निगम प्रशासन ने कर ली है। नाम सार्वजनिक करने के बाद निगम अधिनियम के तहत कुर्की जैसे सख्त कार्रवाई भी इनके विरुद्ध की जाएगी। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राजस्व वसूली की बैठक ली। कम वसूली को लेकर आयुक्त बेहद नाराज हुए, उन्होंने स्पैरो के कार्यों पर असंतोष जाहिर किया। संपत्तिकर, समेकितकर एवं शिक्षा उपकर के वार्षिक लक्ष्य के मुताबिक केवल 52.38त्न की वसूली की गई है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि संपत्तिकर की वसूली में तेजी से कार्य करें, डोर टू डोर कलेक्शन शत प्रतिशत हो, बकायेदारों से संपर्क कर उन्हें लगने वाले अधिभार के बारे में अवगत करावे, वसूली बढ़ाने के लिए मुनादी के माध्यम से भी टैक्स देने की अपील करें, बकाया राशि वसूली पर नोटिस जारी करने की कार्रवाई समय पर हो, निर्धारित समय पर राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत 173, 174 एवं 175 के तहत कुर्की की कार्यवाही करें। प्रत्येक जोन के टैक्स वसूली की उन्होंने बारी-बारी से समीक्षा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पैरो से समन्वय बनाकर कार्य करते हुए 100त्न वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, बी एल असाटी, उपाध्याय इत्यादि मौजूद रहे। उपायुक्त एवं संपत्तिकर के अधिकारी सुनील अग्रहरि एवं एनआर रत्नेश को आयुक्त ने राजस्व वसूली को लेकर नियमित रूप से प्रतिदिन मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पैरो से समन्वय बनाकर कार्य करते हुए 100त्न वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, बी एल असाटी, उपाध्याय इत्यादि मौजूद रहे। उपायुक्त एवं संपत्तिकर के अधिकारी सुनील अग्रहरि एवं एनआर रत्नेश को आयुक्त ने राजस्व वसूली को लेकर नियमित रूप से प्रतिदिन मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है। संपत्तिकर की आईडी कोड जनरेट करने पर करें फोकस निगमायुक्त के संज्ञान में आया कि राजस्व करो के भुगतान हेतु जिन्होंने संपत्तिकर की आईडी कोड जनरेट नहीं कराया है।

प्रथम सूची में 38 लोगों के नाम शामिल, कुर्की जैसी कार्रवाई की भी है तैयारी

संपत्तिकर की आईडी कोड जनरेट करने पर करें फोकस

निगमायुक्त के संज्ञान में आया कि राजस्व करो के भुगतान हेतु जिन्होंने संपत्तिकर की आईडी कोड जनरेट नहीं कराया है, उनके लिए डोर टू डोर वसूली के माध्यम से जाने वाले स्पैरो के कर्मचारी आईडी कोड जनरेट कराने में पूरी तरीके से सहायता करेंगे। इस बाबत निगमायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है।

स्वविवरणी की होगी जांच

निगमायुक्त ने करदाता द्वारा दी जाने वाली स्वविवरणी में से 10त्न स्वविवरणी की नियमित रूप से सहायक राजस्व अधिकारी को जांच करने और जांच उपरांत संपूर्ण कार्यवाही जोन स्तर पर नियमानुसार किए जाने के निर्देश दिए है। गलत स्वविवरणी देने वाले करदाताओं पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

एमआरपी से ज्यादा कीमत पर सामान बेचना गैरकानूनी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के विभिन्न स्थानों पर श्री राजेश श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर उपभोक्ता अधिनियम के संबंध में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। श्री राहुल शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पैरा लीगल वालंटियर द्वारा बताया कि कोविड संबंधित नियमों का पालन करना अति आवश्यक है ताकि कोविड-19 महामारी से बचा जा सके साथ ही साथ उन्होंने बताया कि अक्सर यह शिकायत प्राप्त होती है कि विक्रेता किसी वस्तु पर वर्णित एमआरपी से ज्यादा उस वस्तु को बेचते हैं।

उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2018 से ई-कॉमर्स कंपनियों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजान के लिए समानो का अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी बताना अनिवार्य हो गया है। ऐसा नहीं करने पर जुर्माने के साथ-साथ जेल की सजा हो सकती है । इस नियम को लागू करने के साथ ई-कॉमर्स कंपनियों को यह आदेश दिया गया है कि यदि वे किसी भी उत्पाद को डिस्काउंट, ऑफर या छूट में बेच रही हैं, तब भी ग्राहकों के हितों के मद्देनजर उनके लिए एमआरपी समेत अन्य जानकारियां देना अनिवार्य होगा। जनमानस को उपभोक्ता अधिनियम की जानकारी नही होने से कानूनी उपचार प्राप्त नही हो पाता है।

विक्रेता मुद्रित एमआरपी से ज्यादा का कोई सामान नहीं ले सकता है और कोई भी दुकानदार और निर्माता द्वारा निर्धारित एमआरपी से अधिक नहीं बेच सकता है परंतु यदि कोई दुकानदार एमआरपी मूल्य से ज्यादा मूल्य से वस्तु को बेचता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती हैं। वर्तमान में ग्राहकों से एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने वालों को अधिकतम 1 लाख रुपए का जुर्माना देना होता है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट माया डोंगरे पति श्री बी. डोंगरे
रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400433

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका माया डोंगरे पति श्री बी. डोंगरे निवासी आर्किड 237-बी ब्लाक तालपुरी रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	724/2	0.02 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भानु प्रकाश पाठक पिता स्व. राजेन्द्र प्रसाद पाठक निवासी ग्राम इस्पात नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1026/23 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार / वसीयतकर्ता राजेन्द्र प्रसाद पाठक के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 17/10/20 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता सिंह पति राजेश सिंह सेंगर निवासी ग्राम बोरसी पोटिया तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/25, 377/3, 369/26 का टुकड़ा रकबा 0.014 हे. भूमि को पार्टनर विश्वास गुप्ता पिता अशोक गुप्ता निवासी ग्राम पोटिया रोड बोरसरी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20/09/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112100700339//अ-27/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भगवती मानिकपुरी वगै. पति स्व. देवदास मानिकपुरी निवासी ग्राम स्टेशनपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 140/5 रकबा 0.0800 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। अवेदित भूमि के आपसी बंटवारा के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112100900118/202112100900118
विषय: अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

गोड़पेंडरी प.ह.न. 00023 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / पुष्पा साहु अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गोड़पेंडरी प.ह.न 23 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा साहू पति शिवाजी साहू निवासी नेहरू नगर पाटली पु पटना बोरिंग रोट पटना बिहार द्वारा ग्राम गोड़पेन्ड्री ह.नं.- 23 तह. पाटन स्थिति भूमिस्वामी एन.पी. खरे अन्य के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 241 रकबा 3800 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 04/08/2021 से क्रय आधार पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदिका पुष्पा साहू पति शिवाजी शाह निवासी नेहरू नगर पाटली पु पटना बोरिंग रोट पटना बिहार द्वारा पंजीकृत बैनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 19/01/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112100900113/202112100900113
विषय: अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

अमलेश्वर प.ह.न. 00005 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / प्रदीप भोसले. अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 05 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप भोसले निवासी ग्राम अमेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं.- 05 तह. पाटन स्थिति भूमिस्वामी मनोरमा भोंसले के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 619/4 रकबा 1508 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 27/10/2021 से क्रय आधार पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक प्रदीप भोंसले पिता राजेन्द्र भोंसले द्वारा पंजीकृत बैनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 06/01/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112101000119/202112101000119
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

सांकरा प.ह.न. 00008 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - .... / अनावेदक पक्षकार- ....

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं.08 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका प्रिती प्रजापति पति दिनेश प्रजापति निवासी ग्राम भिलाई तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने पति दिनेश प्रजापति के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 117/9 रकबा 0.01 हे. में दिनेश प्रजापति का दिनांक 08/09/2020 को फौत हो जाने के कारण मृतक सहखातेदारों का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण से अपने एवं वैध वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका प्रिती प्रजापति द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 24.01.2022 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202111100900067/202111100900067
विषय: अ-74 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

खुड़मुड़ा प.ह.न.- 00005 (810 (0.08300हे.)), पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / अनावेदक पक्षकार - युवराज

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 05 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक युवराज पिता टेटकू अन्य निवासी ग्राम खुड़मुड़ा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं.-05 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थिति अपने नाम दर्ज संयुक्त खाते की भूमि खसरा नं. 810 रकबा 0.58 हे. का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक युवराज पिता टेटकू अन्य द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि को आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 06.1.2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनिल साहू पिता/पति काशीराम साहू निवासी खुरसीडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की वसीयतशुदा भूमि ग्राम खुरसीडीह प.ह.नं. 03 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 212 रकबा 1.500 हे. भूमि को विक्रयपत्र के आधार पर वसीयतकर्ता प्रहलाद पिता/पति बुधु के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 29.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202112104100044/अ-27/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनंजय कुमार पिता प्रीतलाल निवासी ग्राम थनौद तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम थनौद प.ह.नं. 28 रा.नि.मं दुर्ग-1 स्थित भूमि खसरा नं. 1235 रकबा 0.43 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में धनंजय कुमार अजय कुमार पिता प्रीतलाल के नाम पर दर्ज है। यह कि आवेदकों के बीच पूर्व में आपसी बंटवारा हो चुका है आपसी बंटवारा के आधार पर खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋणपुस्तिका प्राप्त करना चाहते है। उपरोक्त प्रकरण के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन नक्शा खसरा बी-1 की प्रति के साथ इस न्यायालय में पेश किया गया है। जो इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 19.01.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202112103800024//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक मंगल दास आ. स्व. रामा निवासी कसारीडीह वार्ड-44 दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल शीट क्रमांक 78 बी प्लाट नं. 111/1-2 रकबा 64 वर्गमीटर भूमि धारकगण सुदर्शन कोठारी आ. सुकुल एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक शांति बाई की मृत्यु दिनांक 20/10/2014 को हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक धारक के वारिसान का नाम खसरा में दर्ज है। आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 19/01/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक येनेन्द्र कुमार साहू पिता बहादुर राम साहू निवासी ग्राम कन्हैयापुरी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 767/96 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सुकलिया बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति मोंगरा बाई पति भीखम यादव निवासी वार्ड- नं.-16 सिकोला बस्ती दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 31/44 रकबा 0.009 हे./900 वर्गफीट भूमि को विक्रेता श्रीमती अमिता पाण्डेय पति राजेश पाण्डेय से दिनांक 24/11/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 18.01.2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नजमा बेगम पति मेहमूद अली निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 106/17 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती बोधनी बाई देशमुख पति स्व. राधेलाल देशमुख निवासी ग्राम बिरेतरा जिला बालोद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400343

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका निशा वर्मा पति अंजनी गुता निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1001/2 रकबा 0.022 हें/ 2225 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400479

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कृष्णलाल सिंह आ. मोहन लाल निवासी आर्य नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1314/431 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202201100400014

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका देवेश्वरी वर्मा पति चंद्रशेखर वर्मा निवासी पंहडोई तह. पाटन द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 565/181 रकबा 0.013 हें/ 1455 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400515

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक ब्राइयन एंथोनी आ. स्व. डी. एंथोनी निवासी बी-47 एन.एस.सी जयंत सिंगरौली नेहरू अस्पताल पोस्ट जयंत जिला संगरौली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 653/6 रकबा 0.023 हें/ 2540 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट मोहम्मद मुस्तफा आ. मोहम्मद ईसा
रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400494

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मोहम्मद मुस्तफा आ. मोहम्मद ईसा निवासी क्वा. नं. 7-ए सड़क-3 सेक्टर-4 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	3460/1	0.020 हें 1508 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती इंदिरादेवी जैन पति जवरीलाल जैन
रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400455

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती इंदिरादेवी जैन पति जवरीलाल जैन निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	247/23	0.010 हें 1071 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती इंदिरादेवी जैन पति जवरीलाल जैन
रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400454

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती इंदिरादेवी जैन पति जवरीलाल जैन निवासी एम.आई.जी. 15 मेन रोड पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	247/21	0.010 हें 1071 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती कविता बाफना पति निलेश बाफना
रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400542

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कविता बाफना पति निलेश बाफना निवासी एम.आई.जी. 15 मेन रोड पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	247/16	0.011 हें 1224 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती कविता बाफना पति निलेश बाफना
रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400544

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कविता बाफना पति निलेश बाफना निवासी एम.आई.जी. 15 मेन रोड पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	247/22	0.011 हें 1071 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती कविता बाफना पति निलेश बाफना
रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400543

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कविता बाफना पति निलेश बाफना निवासी एम.आई.जी. 15 मेन रोड पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	247/20	0.011 हें 1071 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

एम्स व मेडिकल कॉलेज के लिए ओमीक्रॉन सिम्टम लैब की मांग

■ मंत्री सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने रायपुर के एम्स और पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में जीनोम सिक्वेंसिंग जांच यानी ओमीक्रॉन सिम्टम लैब की सुविधा शीघ्र शुरू करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखा है।

मंत्री सिंहदेव ने आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि कोविड-19 का नया वेरिएंट और उसका बदलता स्वरूप वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश के ज्यादातर राज्यों में कोविड के नए वेरिएंट के बढ़ते संक्रमण की खबरें लगातार आ रही हैं। छत्तीसगढ़ कई राज्यों की सीमाओं से घिरा हुआ है। इसलिए यहां भी कोरोना के नए मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

भुवनेश्वर से आती है रिपोर्ट, इसलिए हो रही देरी

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ में कोरोना के वेरियंट का पता लगाने के लिए जीनोम सिक्वेंसिंग जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है। हमें इसके लिए सैंपल भुवनेश्वर (ओड़िशा) भेजकर रिपोर्ट मंगानी पड़ती है जिसमें काफी समय लगता है। जांच की गति धीमी होने

के कारण यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि हमारे क्षेत्र में फैलने वाला कोरोना वेरिएंट ओमिक्रॉन, डेल्टा या अन्य कोई दूसरा है। इसके कारण कोरोना की रोकथाम, जांच और इलाज के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेने तथा रणनीतिक तैयारी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रायपुर एम्स के लिए तत्काल आदेश की मांग

सिंहदेव ने राज्य की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत एम्स रायपुर में जीनोम सिक्वेंसिंग जांच की सुविधा तत्काल प्रारंभ कराए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में भी जीनोम सिक्वेंसिंग जांच की सुविधा जल्दी शुरू करने के लिए जरूरी आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया है।

इनके शुरू हो जाने से समय पूर्व प्रदेश में कोरोना संक्रमण से बचाव और बेहतर इलाज की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। उन्होंने जन-जीवन से जुड़े इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शीघ्र समुचित निर्णय लेकर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की अपेक्षा की है।

देश में यहां है यह सुविधा

वैसे जीनोम सिक्वेंसिंग की सुविधा भारत में कम है। देश में जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (नई दिल्ली), सीएसआईआर-आर्कियोलॉजी फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (हैदराबाद), डीबीटी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज (भुवनेश्वर), डीबीटी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स, (कल्याणी, पश्चिम बंगाल), आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (पुणे) जैसे चुनिंदा प्रयोगशालाएं हैं।

रायपुर के पंडरी जिला अस्पताल में अब रात को भी हो सकेगी कोरोना जांच

नोडल अधिकारी नियुक्त, कर सकते हैं मोबाइल कॉल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में लगातार कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसे देखते हुए रायपुर के कलेक्टर सौरभ कुमार ने अब रात में कोरोना टेस्ट कराने का आदेश जारी किया है। पंडरी स्थित रायपुर जिला अस्पताल में रात्रिकालीन कोरोना जांच केंद्र खोले जाएंगे। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, साथ ही रात्रि ड्यूटी के लिए अलग से स्टाफतैनात किया जाएगा, जो कोरोना की जांच करेगा। पंडरी स्थित रायपुर जिला अस्पताल में जांच केंद्र खोले जाएंगे। इसके नोडल अधिकारी डॉ. के. यह एक ओझा है। उनका मोबाइल नम्बर 8982507998 है। अगर किसी को कोई परेशानी हो तो आप इस नंबर पर कॉल करके जानकारी ले सकते हैं। रात में कोरोना जांच केंद्र के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों का समन्वय कर जिला कलेक्टर सौरभ कुमार को दिया गया। अब उनके निर्देश पर रायपुर नगर निगम आयुक्त प्रभात मलिक जिला अस्पताल पंडरी प्रशासन को निर्देश देकर काम पूरा करेंगे।

■ न्यूज गैलरी

कच्चे तेल के दाम फिर घटे, केंद्र की मुनाफाखोरी बरकरार : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत फिर से एक बार कम हुई है मगर केंद्र सरकार अपनी मुनाफाखोरी के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर कोई लगाम नहीं लगा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि नवंबर में क्रूड आयल का दाम 80.64 रुपए था जिसके मुकाबले अभी 73.30 रु हो गया है। अगर क्रूड आयल के दाम के अनुरूप पेट्रोल के दाम घटाए जाएं तो पेट्रोल लगभग 8 रु और डीजल लगभग 7 रु सस्ता हो जाएगा मगर केंद्र सरकार और तेल कंपनियों द्वारा की जा रही सामूहिक लूट से जनता परेशान हो चुकी है। मोदी सरकार की नीयत जनता को राहत देने की है ही नहीं उसकी प्राथमिकता जनता से कर वसूल कर मुनाफा कमाने की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि केंद्र सरकार को जनता की जेब कि नहीं अपने मुनाफे और उद्योगपतियों की तिजोरी की चिंता है। आयल के घटते दामों के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में उछाल का गणित मोदी सरकार को छोड़ किसी को समझ नहीं आ रहा है। पिछली बार केंद्र सरकार ने जनता पर ऐहसान लादने के लिए पेट्रोल और डीजल पर 5रु और 10रु एक्साइज ड्यूटी घटा कर पल्ला झाड़ लिया था। पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों को उफान पर पहुंचाने के लिए केवल और केवल मोदी सरकार जिम्मेदार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि केवल दो चार उद्योगपतियों की उंगलियों पर बेशर्मी से नाच रही केंद्र की मोदी सरकार को देश की 135 करोड़ जनता से कोई सरोकार नहीं है।बढ़ती महंगाई के कारण उत्पादन घट रहा है, हर रोज किसी न किसी उपक्रम पर ताला लग रहा है, हर रोज सैकड़ों लोग बेरोजगार हो रहे हैं। देश में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी ने उत्पात मचा रखा है, मगर जनता से झूठ बोलकर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार सिर्फउद्योगपतियों को राहत देने में लगी है। देश में हर रोज गरीबों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, भाजपा देश को आजादी के तुरंत बाद वाली उस स्थिति में लाना चाहती है, जब लोगों के पास खाने के लिए अनाज और पहनने के लिए कपड़ा नहीं था।

हृदय की जगह मस्तिष्क से काम, पतन का मार्ग : स्वामी कृष्णानंदजी

रायपुर/तिल्दा-नेवरा/नवप्रदेश। सद्गुरु धाम गौरखेड़ा में छः दिवसीय साधना-सत्संग शिविर में अमावस्या पर्व पर स्वामीजी ने कहा- वर्तमान समय में मस्तिष्क-विज्ञान वृद्धि को प्राप्त किया, किंतु हृदय अर्थात् प्रेम सद्भाव समाप्त हो गया। आज विश्वविद्यालयों में सौ-प्रतिशत वालो का ही प्रवेश लिया जाता है और इनकी संख्या बढ़ती जा रही है, किंतु वही बुद्धिजीवी की चिंता बढ़ती जा रही है। विज्ञान की उपलब्धि जो पृथ्वी को सौ बार नष्ट कर सकती है। जो विश्व के लिए चिंतनीय विषय है, प्रेम (हृदय) आपको जोड़ता है परमात्मा से, प्रकृति से, परिवार से, समाज से लेकिन जहां मस्तिष्क से काम होगा, वहां मैं- मेरा तक सिमटकर रह जाता है। आप जिस धन का उपार्जन करते है उसमें केवल आपका अधिकार नहीं, उसमें आपके परिवार की सदस्य समाज सभी का अंश है। जो व्यक्ति कमाता है और स्वयं खाता है वह पाप को खाता है, अगर आपको अपने घर में सुख-समृद्धि, निरोग रहना है तो लक्ष्मीपति भगवान विष्णु इस सृष्टि के पालनकर्ता है उनके नाम से दसवा भाग या पांच प्रतिशत या कम से कम अढाई प्रतिशत का दान निकालना आवश्यक है। सूत्र भी कहता है धनात्धर्मः ततः सुखम्! धन से धर्म, धर्म से सुख की प्राप्ति होती है। सद्विप्र समाज सेवा के राष्ट्रीय उपसंगठक व कबीर सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य संतोष शर्मा जी ने जानकारी दी कि चार जनवरी को सुबह ब्रह्मदीक्षा व सत्संग सभा की पूर्णाहुति है।

मनुष्य को निर्माण मूलक होना चाहिए

सद्गुरु आश्रम गोरखेड़ा में चल रहे सत्संग कार्यक्रम में सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि यदि आप किसी का पैर छू रहे हैं तो आप यह मत समझिए कि आप छोटे हो गए आपके पैर छूने से उसका पुण्य आपको मिल जाता है। यदि आप किसी तीर्थ में या आश्रम में किसी का थाली उठाकर साफकर रहे हैं तो आप यह मत समझिए कि आप छोटे हो गए हैं उसके किए गए शुभ कर्मों का फल आपको मिल जाता है। यदि आप आश्रम में अपनी सेवा दे रहे हैं, झाड़ू लगा रहे हैं , या जो भी अतिथि आते हैं उनकी सेवा सत्कार में लगे हुए हैं तो वह आश्रम में आने वाले व्यक्तियों का भी पुण्य आपको मिल जाता है।

धर्म प्रचार भी साधना का ही अंग है

इसे आप इस तरह से समझे कि एक आदमी एलआईसी कराता है तो एलआईसी कराता है उसको तो पैसा मिलता ही है लेकिन जो एलआईसी करता है एजेंट उसे भी कमीशन मिलता है।

शोक संदेश

जॉन सैमुअल

रायपुर/नवप्रदेश। चर्च रोड, टीवी टॉवर, शंकर नगर निवासी 73 वर्षीय, जॉन सैमुअल (रिटायर्ड एलआसी) का निधन बुधवार दिनांक 5 जनवरी 2022 को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार दिनांक 6 जनवरी 2022 को दोपहर 12.30 बजे उनके निवासी से हीरापुर जरवार कब्रिस्तान को जायेगी। वे मरीयम्मा सैमुअल के पति एवं दीपा और प्रीता के पिता और सुरेश और सीनू के ससुर थे।

कोरोना पर भाजपा फिर से निम्न स्तरीय राजनीति न करें : कांग्रेस

■ नाईट कर्फ्यू से कोरोना के विस्तार में कमी आयेगी

राज्य सरकार की कोरोना से निपटने की तैयारियां चाक चौबंद

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना के संबंध में भाजपा और धरमलाल कौशिक एक बार फिर से गलत बयानी और अवसरवादी राजनीति शुरू कर चुके है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री कोरोना को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। प्रदेश की राजधानी और रायगढ़ में नाईट कर्फ्यू से कोरोना के विस्तार में कमी आयेगी तथा जागरूकता भी। राज्य में कोरोना की लहर का प्रभाव कम से कम हो इस दिशा में सरकार गंभीर है और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये है। प्रतिबंध और टेस्टिंग के लिये सरकार पूरी तरह सजग है। टेस्टिंग की क्षमता बढ़ाई गयी है। हवाई मार्ग और रेल मार्ग तथा सड़क मार्ग से राज्य में आने वाली हर यात्री की टेस्टिंग और स्क्रिनिंग अनिवार्य किया गया है। कोरोना के ईलाज के लिये भी राज्य के सभी जिला अस्पतालों, सभी मेडिकल कालेजों और एम्स में कोरोना के ईलाज के लिये व्यवस्था चाक चौबंद किया गया है। कोविड बेड, ऑक्सीजन के पर्याप्त बेड की उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने धरमलाल कौशिक कोरोना पर कोरी बयानबाजी तो कर रहे लेकिन केन्द्र सरकार ने कोरोना के नये वेरियेंट ओमीक्रान की पहचान के लिये जिनोम सिक्वेंसिंग के लिये राज्य में एक भी टेस्टिंग सेन्टर की सुविधा नहीं दिया है। छत्तीसगढ़ के कोरोना पॉजेटिव मरीजों को ओमीक्रान की जांच के लिये उडीसा के भुवनेश्वर में भेजा जाता है। जहां से जांच रिपोर्ट आने में विलंब हो रहा। राज्य सरकार ने जिनोम सिक्वेंसिंग की सुविधा को छत्तीसगढ़ में देने के लिये केन्द्र को पत्र भी लिखा है। लेकिन केन्द्र की स्वीकृति में विलंब हो रहा है। धरमलाल इस बारे में केन्द्र को पहल क्यों नहीं करते? छत्तीसगढ़ के एम्स में जिनोम सिक्वेंसिंग सुविधा आसानी से शुरू हो सकती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कोरोना वैश्विक बीमारी है। इससे बचाव के लिये सभी को सावधान होना होगा और कोरोना से बचाव के गाइड लाईन का पालन करना होंगा। सरकार के साथ जनता की जागरूकता से ही इस महामारी के फैलाव को हम रोक सकते है। भाजपा नेता सिर्फ सरकार पर आरोप लगाने के बजाय अपनी राजनैतिक जिम्मेदारी को समझे।

सेवाभाव के साथ नववर्ष की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में नववर्ष की शुरुआत जरूरतमंदो को कंबल बाँटकर की गयी। बढ़ती हुई ठंड को देखकर यह निर्णय लिया गया कि, नववर्ष की शुरुआत गरीबों में कंबल बाँटकर की जाएगी। विशाल कुकरेजा ने बताया कि साल के पहले दिन सेवा करने का मौका मिल रहा है। इसका मतलब पूरे साल भर लोगों की सेवा करने का मौका ज़रूर मिलेगा। ये बहुत ही ख़ुशी की बात है, कि हम जरूरतमंदो की सेवा कर पा रहे है। हमने रायपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण में पंचायत के अमित नागदेव, सुनील बत्रा, अमित बालानी, नंदकुमार मूलचंदानी, राकेश माटा, निखिल पारवानी, विनय तीर्थानी, यश नागवानी आदि सदस्य उपस्थित थे।

शुरूआत के दो दिनों में ही 15 से 18 वर्ष के 20 प्रतिशत से अधिक किशोरों का टीकाकरण

■ वर्ष 2005, 2006 और 2007 में जन्मे किशोर लगवा सकते हैं टीका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 15 से 18 वर्ष के किशोरों का टीकाकरण शुरू होने के पहले दो दिनों में ही प्रदेश भर में इस आयु वर्ग के कुल लक्ष्य के 20 प्रतिशत से अधिक को टीका लगाया जा चुका है। शुरूआती दो दिनों में ही मुंगेली जिले ने अपने कुल लक्ष्य के 56 प्रतिशत, धमतरी ने 50 प्रतिशत, कोंडागांव ने 43 प्रतिशत, कांकेर और गरियाबंद ने 38-38 प्रतिशत, राजनांदगांव ने 29 प्रतिशत, बालोद और दुर्ग ने 28-28 प्रतिशत, महासमुंद ने 26 प्रतिशत तथा बलौदाबाजार, कोरिया और सूरजपुर ने 21-21 प्रतिशत किशोरों को कोरोना से बचाव के लिए पहला टीका लगा चुके हैं।

सभी जिलों में बनाए गए टीकाकरण साइट्स में किशोर-किशोरी उत्साह से पहुंचकर टीका लगवा रहे हैं। वर्ष 2005, 2006 और 2007 में पैदा हुए किशोर इन केंद्रों में पहुंचकर टीका लगवा सकते हैं। 3 जनवरी और 4 जनवरी को मिलाकर प्रदेश भर में तीन लाख 35 हजार 653 किशोरों का टीकाकरण किया जा चुका है।

कोरोना सक्रंमण से बचाव के लिए शुरूआती दो दिनों में मुंगेली जिले में 27 हजार 210, धमतरी में 24 हजार 057, कोंडागांव में 15 हजार 587, कांकेर में 17 हजार 529, गरियाबंद में 14 हजार 001, राजनांदगांव में 28 हजार 540, बालोद में 13 हजार 685, दुर्ग में 29 हजार 284, महासमुंद में 17 हजार 090, बलौदाबाजार-भाटापारा में 20 हजार 236, कोरिया में 8249, सूरजपुर में दस हजार 207, दंतेवाड़ा में 3144 और कबीरधाम में दस हजार 249 किशोरों को टीका लगाया गया है।

भाजपा सरकार को सिर्फ भाजपा शासित राज्यों के निवासियों की चिंता है: कांग्रेस

■ कोरोना के मामले में केंद्र दलीय भेदभाव न करें

■ केंद्र ने मध्यप्रदेश में 5 जिनोम सिक्वेंसिंग मशीने दिया छग को एक भी नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र की भाजपा सरकार हमेशा ही छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय पूर्ण एवं सौतेला व्यवहार करती रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोरोना के मामले में भी मोदी सरकार दलीय आधार पर भेदभाव कर रही। जिनोम सिक्वेंसिंग लैब प्रदान करने में भी मोदी सरकार छत्तीसगढ़ से पक्षपात कर रही है। राज्य में कोरोना के केस बढ़ रहे लेकिन अभी तक राज्य में एक जिनोम सिक्वेंसिंग लेब नहीं है। केंद्र सरकार नहीं चाहती कि पिछली दो लहरों की तरह छत्तीसगढ़ इस लहर को भी मात देने में सफल हो इसीलिये राज्य को आवश्यक सुविधा देने में भेदभाव किया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिनोम सिक्वेंसिंग वह आधुनिक तकनीक है जिसके द्वारा कोरोना वायरस के नए वेरिएंट का पता लगाया जाता है जिससे उपचार में सहायता मिलती है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा पाँच जीनोम सीक्वेंसिंग टेस्ट मशीन मध्यप्रदेश भेजी गई हैं मगर अब तक छत्तीसगढ़ को एक मशीन भी देना केंद्र सरकार ने उचित नहीं समझा है। केंद्र सरकार पहली बार ऐसा छत्तीसगढ़ के साथ नहीं कर रही है पहले भी बारदाना उपलब्ध कराने, सेंट्रल पूल में चावल लेने, वैक्सीन उपलब्ध कराने और राज्य के हक का पैसा देने में आनाकानी करती रही है। इस मामले में भी केंद्र सरकार चाहती है कि छत्तीसगढ़ में असली वैरिएंट का पता लगाने में देरी हो और उभरता हुआ छत्तीसगढ़ मॉडल बदनाम हो जाए। मोदी सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को खतरे में डालकर भाजपा शासित राज्यों की साख बचाना चाहती है। मगर केंद्र सरकार को यह याद रखना चाहिए की केवल सुविधाएं उपलब्ध करा देने से सफलता नहीं मिलेगी। इस महामारी को मात देने के लिए नीयत, कर्मठता और प्रबंधन अधिक आवश्यक है, जो कि भाजपा शासित राज्य सरकारों के पास नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि टेस्ट के लिए राज्य के पास आधारभूत ढांचा होने के बावजूद जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए हमें अन्य राज्यों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 30 से 35 हजार टेस्टिंग हो रही है, लेकिन केंद्र सरकार के सौतेले व्यवहार के कारण छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के लिए नए वेरिएंट को पहचानने में देरी हो रही है। राज्य सरकार द्वारा लगातार मांग किए जाने के बावजूद केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। दूसरी ओर मध्यप्रदेश को पांच मशीन एक साथ देना यही स्पष्ट करता है कि केंद्र सरकार भाजपा शासित राज्यों को तीसरी लहर के विरुद्ध अधिक सफल दिखाना चाहती है। भाजपा के नौ सांसद आखिर कब तक मोनी बाबा बने रहेंगे, न उसना के बारे में केंद्र से कहा, न बोरे के बारे में कहा जिनोम सिक्वेंसिंग लैब तो राज्य की जनता के जीवन से जुड़ा मामला है।

मुख्यमंत्री का प्रभारी मंत्रियों को निर्देश, संक्रमण के प्रसार को रोकने करें उपाय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सभी मंत्रीगणों से अपने-अपने प्रभार के जिलों में कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए हर संभव प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्तमान समय में पूरे विश्व एवं देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी से वृद्धि चिन्ताजनक है। उन्होंने मंत्रीगणों को अपने प्रभार वाले जिलों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की अतिशीघ्र वर्चअल बैठक लेकर कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति एवं रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना के प्रसार को नियंत्रित रखने हेतु उन्होंने मंत्रीगणों से अपने प्रभार वाले जिलों में कोरोना की वर्तमान स्थिति, मरीजों में देखे जा रहे लक्ष्यणों की तीव्रता, अस्पताल में भर्ती मरीज, होम आईसोलेशन में रहने वाले मरीज और उनके स्वस्थ होने की अवधि के बारे में जानकारी लेने को कहा है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर आवश्यक पाबंदियां लगाई जाने के संबंध में जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों, किसान मजदूर संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं के संचालकों सहित अधिक से अधिक लोगों से चर्चा करने को कहा है।

राज्यपाल को कोरबा के प्रतिनिधिमण्डल ने समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री देवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में समाज प्रमुखों के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और कोरबा क्षेत्र के समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल ने उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। श्री पाण्डेय ने बताया कि कोरबा में सिंचाई की समस्या है अतः यहां पर नहर की व्यवस्था होना चाहिए। कोरबा में नई मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा हुई थी लेकिन प्रारंभ नहीं हुआ। इसके प्रारंभ होने से वहां के निवासियों को सुविधा मिलेगी। पूर्व विधायक श्री रामदयाल उइके ने कहा कि मरवाही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोदवाई में डेयरी उद्योग लगाने से वहां के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होंने मरवाही और बिलासपुर जिला में भी डेयरी फार्म स्थापित कराने का भी आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कोरबा से कटघोरा होते हुए गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-अमरकंटक तक, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही से मनेन्द्रगढ़, बैकुण्डपुर, अंबिकापुर तक, रतनपुर जिला-बिलासपुर से गौरेला से शहडोल तक सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग बजट की 2021-2022 में शामिल कराने का भी आग्रह किया।

सतर्कता — छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और कैट ने ली संयुक्त बैठक

कोरोना कहर : तीसरी लहर से व्यापारियों को किया सतर्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कैट सी.जी.चेप्टर के अध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार दोशी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर एवं कैट सी.जी.चेप्टर ने प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना की रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में आज दिनांक 4 जनवरी 2022 को शाम 4 बजे व्यापारिक संघों की बैठक आयोजित की गई।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बैठक में उपस्थित सभी एसोसियेशनों/संघों के पदाधिकारियों से निवेदन करते हुए कहा कि आज यदि हम जागरूक नहीं हुए तो कोरोना की तीसरी लहर के लाकडाउन से बच नहीं पायेंगे। सर्वप्रथम आप सब कोविड-19 के नियमों का पालन शत् प्रतिशत ईमानदारी से करें । आप, आपके परिवार, आपके मुहल्ले, आपके परिजनों आदि को यदि वैक्सीनेशन नहीं

लगा हो तो उन्हें वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करें एवं वैक्सीन अवश्य लगवायें। टीम वर्क में बहुत ही ताकत है, हम चाहते हैं कि शासन एवं चेम्बर सामंजस्य के साथ युद्ध स्तर पर काम करते हुए तीसरी लहर के प्रसार को बढ़ने से रोकने के लिये प्रयास करे ताकि हमारे व्यापारियों की दुकान खुले रहे।

श्री पारवानी ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया कि वे अपनी दुकानों में मास्क अवश्य रखें, स्वयं अपने कर्मचारी एवं उपभोक्ताओं को मास्क पहनने हेतु अवश्य प्रेरित करें एवं बिना मास्क दुकान में प्रवेश न करने दें साथ ही सोशल डिस्टेंसिग एवं सेनेटाइजर का उपयोग करते रहें।

श्री पारवानी ने कहा कि चेम्बर द्वारा प्रशासन की मदद से टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन हेतु अभियान चलाया जा रहा है उसे गति देने की आवश्यकता है। कोरोना जागरूकता हेतु सभी दुकानों में श्छव डों छवैंसमश् का स्टीकर चिपकाया जायगा।

श्री पारवानी ने व्यापारिक संघों के पदाधिकारियों से आग्रह किया के वे अपने-अपने संघ के सदस्यों की बैठक लेकर उन्हें जागरूक करें। हमारे कारण से छत्तीसगढ़ लाकडाउन नहीं होना चाहिये।

बैठक के पश्चात् चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में रायपुर जिलाधीश से भेंटकर चेम्बर की तैयारियों से अवगत कराया गया और बताया गया कि चेम्बर द्वारा कोरोना से बचाव के लिये व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जायेगा।

संपादकीय

प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक दिवसीय पंजाब प्रवास के दौरान उनकी सुरक्षा में बड़ी चूंक सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल पर जाने वाले थे उसपर बड़ी संख्या में कथित किसान बैठ गए थे। जिसके चलते एक फ्लाई ओवर पर प्रधानमंत्री के काफिले को 20 मिनट तक रूकना पड़ा और इसके बाद पीएम मोदी अपना दौरा रद्द कर वापस लौट गए। उन्होने पंजाब के अधिकारियों से कहा कि वे पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी को धन्यवाद दें कि वे यहां से जिंदा लौट रहे है। पीएम मोदी ने यदि इतनी बड़ी बात कही है तो इसी से स्पष्ट है कि उनकी सुरक्षा में घोर लापरवाही की गई है। वाकई यदि फ्लाई ओवर पर जहां पीएम का काफिला 20 मिनट तक रूका था वहां कोई भी अनहोनी हो सकती थी। पीएम की सुरक्षा में हुई चूंक के लिए निश्चित रूप से पंजाब पुलिस और वहां की सरकार जिम्मेदारी है। यह बात अलग है कि पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी यह मानने के लिए तैयार नहीं है कि पीएम की सुरक्षा में कोई चूंक हुई है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री को हैलीकाप्टर से कार्यक्रम स्थल पर जाना था लेकिन उन्होने अचानक कार्यक्रम बदला और सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए। यदि चन्नी की यह बात सही है तो भी यह सवाल उठता है कि प्रधानमंत्री के रूट में अचानक हुए बदलाव की खबर उन प्रदर्शनकारी कथित किसानों तक कैसे पहुंच गई जो बड़ी संख्या में सड़क पर जमा हो गए और ट्रैक्टर ट्राली आदि से रोड को ब्लाक कर दिया। निश्चित रूप से पीएम की सुरक्षा में लापरवाही की गई थी। इस बारे में केन्द्रिय गृहमंत्री अमित शाह ने पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद इसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। इधर इस घटना को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस के नेता आरोप लगा रहे है कि पीएम की सभा में भीड़ नहीं जुट पाई थी इसलिए वे लौट गए है। उनपर कोई हमला नहीं हुआ है इसलिए यह कहना ठीक नहीं है कि उनकी सुरक्षा में पंजाब सरकार ने कोई चूंक की है। जबकि भाजपा इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रही है और आरोप लगा रही है कि पंजाब की कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर पीएम की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया। बहरहाल राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप अपनी जगह है लेकिन पीएम की सुरक्षा में चूंक एक गंभीर मामला है क्योंकि प्रधानमंत्री किसी पार्टी नहीं होता वह देश का प्रधानमंत्री होता है और उनकी सुरक्षा में किसी भी तरह की चूंक कतई बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

विचार

ताकि सेहतमंद रहे हमारा श्रम बल

पिछले साल की आखिरी बेला में जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दूसरी तिमाही के आंकड़े मुनादी कर रहे थे कि हमारी अर्थव्यवस्था महामारी की चोट से पार पाने में सफल हो रही है। तब सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से कहा गया था कि 2021-22 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 35.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है, जो 2019-20 की समान तिमाही में 35.62 लाख करोड़ रुपये थी। बेशक, आज भी हमारी खपत और सरकारी खर्च रफ्तार नहीं पकड़ सके हैं, जिसके कारण हमारी अर्थव्यवस्था 2019 के स्तर के आसपास ही है, मगर पिछले दिनों इसमें जो तेजी दिख रही थी, उससे उम्मीद बढ़ चली थी कि जल्द ही लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो जाएगी। मगर कोरोना मानो फिर से अर्थव्यवस्था को निगलने के लिए तैयार बैठा है। ओमीक्रोन के सामुदायिक संक्रमण के बाद एक बार फिर आशंकाएं सिर उठाने लगी हैं।

क्या भारतीय अर्थव्यवस्था फिर से गोते लगाएगी? अभी इसका ठीक-ठीक जवाब तो नहीं दिया जा सकता, लेकिन अगर योजनाबद्ध तरीके से काम हो, तो हम अपना नुकसान कम कर सकते हैं। ओमीक्रोन के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें संक्रमण-दर तो ज्यादा है, पर इसके मरीज जल्दी ठीक भी हो जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका में ही, जहां इसके शुरुआती मामले मिले थे, अब कोरोना के रोगी कम हो चले हैं। मगर हमारे साथ मुश्किल यह है कि हमारी आबादी काफी ज्यादा है और टीका न लेने वाले लोगों की संख्या भी कम नहीं। 60 फीसदी के करीब वयस्क आबादी का ही अब तक पूर्ण टीकाकरण हुआ है। भले ही ओमीक्रोन टीका या पूर्व-संक्रमण की वजह से शरीर में बनी प्रतिरोधक क्षमता को भेदने में सफल है, लेकिन बिना टीकाकरण वाले लोगों के लिए खतरा अधिक है। चूंकि अपने यहां यह संख्या ज्यादा है, इसलिए अंदेशा है कि ज्यादा लोग बीमार पड़ेंगे। और, अगर देश का श्रम-बल ही बीमार हो जाएगा, तो अर्थव्यवस्था पर स्वाभाविक तौर पर असर पड़ेगा। अच्छी बात है कि संगठित क्षेत्र की कंपनियों ने अपने यहां टीकाकरण पर जोर दिया, लेकिन असंगठित क्षेत्र में टीकाकरण की सुविधा कम होने के कारण टीके उस गति से नहीं लग सके, इसलिए हमें नुकसान हो सकता है। इस चुनौती से हमें जल्दी पार पाना होगा। हमें सबसे पहले अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना होगा। इसके लिए जूनियर डॉक्टरों को भी अग्रिम मोर्चे पर तैनात करना चाहिए, और मेडिकल की पढ़ाई कर रहे दूसरे व तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों की भी सेवा लेनी चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश के कई हिस्से में बड़ी संख्या में डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के कोरोना संक्रमित होने की आशंका है। उनके क्वारंटीन होने पर उनकी कमी को पूरा करने के लिए हमें अधिकाधिक स्वास्थ्यकर्मियों की दरकार होगी। इसके अलावा, टेस्टिंग और जीनोम सीक्वेंसिंग पर भी हमें ध्यान देना होगा।

सामुदायिक संक्रमण का बढ़ता खतरा

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

भारत बीती मई, 2021 में 4.41 लाख से ज्यादा केस रोजाना देख चुका है। हालांकि टीकाकरण और व्यापक स्तर पर संक्रमण झेलने के बाद भारतीयों में 'हाईब्रिड इम्युनिटी' मौजूद है। टीके कोरोना वायरस से लडने में सहायक साबित हुए हैं। प्रभाव का औसत अलग-अलग हो सकता है, लेकिन हमारे टीके वाकई 'संजीवनी' सिद्ध हुए हैं, लिहाजा अभी तक अस्पतालों में ज्यादातर बिस्तर खाली हैं और मौतें भी अभी तक कुल 118 ही हुई हैं। हम एक दिन में 4000 से ज्यादा मौतों के मंजर देख-झेल चुके हैं। देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश ने कोरोना महामारी के प्रबंधन की तारीफदेश-दुनिया में हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसों के मद्देनजर प्रबंधन की कमान अपने हाथों में ले ली है।

22 मार्च 2020. वो दिन जब देश में पहली बार जनता कर्फ्यू लगा और उसके फौरन बाद अलग-अलग चरणों में लॉक डाउन. 2020 से लेकर आज तक, जो कुछ भी घटा है। पूरा मंजर दिल को दहला कर रख देने वाला है। क्या कभी किसी ने सोचा था कि एक बीमारी आएगी जो महामारी का रूप लेगी? इस बीमारी में न केवल हमने अपने करीबियों को खोया। बल्कि ऐसा बहुत कुछ देखा जो हमारी सोच और कल्पना दोनों से परे था। क्योंकि कोरोना को न्यू नार्मल मान लिया गया था। इसलिए महसूस यही हो रहा था कि शायद डर अब कम हो जाए। लेकिन अब जबकि कोरोना वायरस के नए वेरिएंट व्छपबतवद ने हमारे जीवन में पुनः दस्तक दे दी है। साफ हो गया है कि महामारी से उपजी जटिलताएं इतनी जल्दी खत्म नहीं होने वाली। ओमिक्रोन ने फिर से चिंता बढ़ा दी है। देश में बीते 24 घंट में 50 हजार से ज्याद संक्रमित केस सामने आए हैं। कोविड के नए रूप ओमिक्रॉन से 23 राज्यों में 2135 व्यक्ति संक्रमित पाएं गए हैं जिनमें महाराष्ट्र में सर्वाधिक 653, दिल्ली में 464 और केरल में 185 मामले हैं। ओमिक्रॉन के संक्रमण से 828 व्यक्ति उबर चुके हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कोरोना पाजिटिव हैं। केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय कोरोना संक्रमित होकर एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और एक राज्यमंत्री के संक्रमित होने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पृथक्वास में जाना पड़ा है। बंगाल के ही एक अस्पताल में 70 डॉक्टर संक्रमित हुए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के 'जनता दरबार' में 6 लोग संक्रमित पाए गए। बुधवार को नीतिश सरकार के चार मंत्री कोरोना पाजिटिव मिले। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, उनकी पत्नी, बेटी, बहू समेत परिवार के 11 सदस्य संक्रमित दर्ज किए गए हैं। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी भी संक्रमित हैं। बिग बी अमिताभ बच्चन का स्टाफभी पाजिटिव पाया गया है।

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव संक्रमण की जकड़ में आने के बाद क्वारंटीन में हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी क्वारंटीन में हैं, क्योंकि उनका एक परिजन और स्टाफका सदस्य संक्रमित पाए गए हैं। मध्यप्रदेश में एक ही दिन में 221 नए संक्रमित मामले दर्ज किए गए हैं। उनमें से आधे मरीज तो अकेले इंदौर में ही हैं। आईआईटी, खडगपुर में कोरोना विस्फोट ने 31 छात्रों को बीमार कर दिया है। कुछ और स्कूलों और शैक्षिक संस्थानों में सैंकड़ों छात्र संक्रमित हुए हैं। फिल्मी दुनिया में बुजुर्ग अभिनेता प्रेम चोपड़ा और उनकी पत्नी, निर्माता एकता कपूर, अभिनेता जॉन अब्राहम और उनकी पत्नी प्रिया संक्रमित होकर उपचाराधीन हैं। ये कुछ मामले कोरोना संक्रमण के विस्तार के सारांश भर हैं। करीब 139 करोड़ के विशालकाय देश में न जाने ऐसे कितने मामले होंगे, जो दर्ज नहीं हुए होंगे अथवा मीडिया की सुर्खियां नहीं बन पाए होंगे! संक्रमण बीते एक सप्ताह के दौरान करीब 200 फीसदी बढ़ा है। रोजाना ऐसे मरीजों की संख्या 6 दिन में 6 गुना से ज्यादा बढ़ी है। यह गति दुनिया के देशों में दर्ज किए जा रहे मामलों में सर्वाधिक है। औसतन

राष्ट्रीय संक्रमण दर 5 फीसदी के करीब पहुंच चुकी है। इसे पार करते ही महामारी को 'अनियंत्रित' माना जाएगा। विशेषज्ञ चिकित्सक इसे ही 'सामुदायिक संक्रमण' की स्थिति मान रहे हैं। उन्होंने इसे ही 'तीसरी लहर' की शुरुआत आंका है। विशेषज्ञों के जीनोम सीक्वेंसिंग के विश्लेषणों के बाद आकलन हैं कि संक्रमण के मौजूदा चरण में करीब 86 फीसदी मामले ओमिक्रॉन स्वरूप के हैं।

डॉक्टर हल्के लक्षण, अस्पताल में भर्ती होने की दर, ऑक्सीजन, आईसीयू और वेंटिलेटर तक की नौबत, फेफड़ों में संक्रमण नहीं और कम मृत्यु-दर की स्थितियों को 'अर्द्धसत्य' करार दे रहे हैं। उन्होंने आगाह किया है कि 31 जनवरी, 2022 तक का इंतजार कर लें। हकीकत देश के सामने होगी। ओमिक्रॉन के अलग से आंकड़े देखें, तो उसके मरीज भी 2000 की संख्या छू रहे हैं। दुनिया भर में कोरोना वायरस के कुल संक्रमित मामले 8.30 लाख को पार कर चुके हैं। अमरीका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस सरीखे विकसित देशों में कोरोना की 'उफनती लहर' के हालात हैं, जबकि उन देशों में टीकाकरण के बाद 'बूस्टर डोज' भी दी जा रही है। कोरोना के नए ओमिक्रॉन वेरिएंट के मद्देनजर अहम जानकारी एम्स से आई है जो राहत देती नजर आ रही है।

जिस तेजी से भारत में ओमिक्रोन के मामले आ रहे हैं उसपर एम्स के शोधकर्ता डॉक्टर संजय राय ने कुछ जरूरी बातें की हैं और ऐसा बहुत कुछ बताया है जो डर के इन क्षणों में राहत देता नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि यह वेरिएंट लोगों में प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने में सहायक हो सकता है। एम्स के रिसर्चर डॉ संजय राय के मुताबिक जिन्हें एक बार कोरोना हो गया है और वो ठीक हो गए हैं, वो सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। उन्हें वैक्सीन वालों की तुलना में ज्यादा प्रोटेक्शन है। वहीं उनका ये भी मानना है कि हमें ओमिक्रोन को लेकर बहुत ज्यादा टेस्ट करने में संसाधन बर्बाद नहीं करने चाहिए। इसका इस्तेमाल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में हो तो ज्यादा बेहतर है। ओमिक्रोन के तहत डॉक्टर राय का ये भी मानना है कि हम धीरे धीरे एंडेमिक स्टेज की तरफबढ़ रहे हैं।

भारत बीती मई, 2021 में 4.41 लाख से ज्यादा केस रोजाना देख चुका है। हालांकि टीकाकरण और व्यापक स्तर पर संक्रमण झेलने के बाद भारतीयों में 'हाईब्रिड इम्युनिटी' मौजूद है। टीके कोरोना वायरस से लडने में सहायक साबित हुए हैं। प्रभाव का औसत अलग-अलग हो सकता है, लेकिन हमारे टीके वाकई 'संजीवनी' सिद्ध हुए हैं, लिहाजा अभी तक अस्पतालों में ज्यादातर बिस्तर खाली हैं और मौतें भी अभी तक कुल 118 ही हुई हैं। हम एक दिन में 4000 से ज्यादा मौतों के मंजर देख-झेल चुके हैं।

देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश ने कोरोना महामारी के प्रबंधन की तारीफदेश-दुनिया में हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसों के मद्देनजर प्रबंधन की कमान अपने हाथों में ले ली है। यूपी में कोरोना गाइडलाइंस जारी हो गयी हैं। सरकार का पूरा जोर सामुदायिक संक्रमण न हो इस पर है। वहीं बच्चों के टीकाकरण का काम भी पूरी क्षमता से चलाया जा रहा है। राजधानी दिल्ली में संक्रमण दर 7 फीसदी तक पहुंचने को है। हालात 'संपूर्ण कर्फ्यू' के बन चुके हैं। पाबंदियां पहले से ही थोपी जा चुकी हैं। अब 'आंशिक लॉकडाउन' की प्रतीक्षा है। ऐसा नहीं है कि हल्के लक्षण होने के कारण ओमिक्रॉन के केस अस्पताल तक कम जाएंगे। डॉक्टरों का आकलन है कि यदि जनवरी-फरवरी में संक्रमित मामलों की संख्या 4-5 लाख रोजाना तक पहुंच गई, तो अस्पतालों में हररोज 25-50,000 बिस्तरों की आवश्यकता पड़ेगी। अनुपात में दबाव आईसीयू और वेंटिलेटर पर भी पड़ेगा। वह स्थिति सामान्य नहीं होगी।

लिंक्डइन भी जान गया कि हिंदी में अपार संभावनाएं हैं

नरविजय यादव

उधर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भविष्य को लेकर दो बड़ी भविष्यवाणियां की हैं। एक ङ्क भारत जल्द ही दुनिया की तीन टॉप इकॉनोमी में शुमार होगा। दो ङ्क रिलायंस इंडस्ट्रीज दुनिया की सबसे मजबूत और प्रतिष्ठित भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों में से एक होगी। धीरूभाई अंबानी के जन्मदिवस के कार्यक्रम में अंबानी ने कहा कि हम रिलायंस के स्वर्णिम दशक के दूसरे हिस्से में प्रवेश कर रहे हैं। हमारी कंपनी का भविष्य मुझे पहले से कहीं ज्यादा उज्ज्वल दिख रहा है। टाटा ग्रुप की ओर से भी देश के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अच्छे संकेत मिल रहे हैं।

तकनीक और नयी सोच युवाओं को मजबूती दे सकती है। नौकरी तलाशने के लिए सोशल मीडिया इन दिनों एक अच्छा विकल्प साबित हो रहा है। अनुमान है कि 80 फीसदी से अधिक नियोक्ता नये कर्मचारियों की तलाश सोशल मीडिया पर करते हैं। जॉबकास्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, 93 प्रतिशत नियोक्ता नये कर्मचारियों के लिए लिंक्डइन का प्रयोग करते हैं। इसी तरह, 66 प्रतिशत नियोक्ता इसके लिए फेसबुक का, और 54 प्रतिशत ट्विटर का उपयोग करते हैं। अगर नौकरी तलाशने वालों की बात की जाये, तो केवल 36 प्रतिशत लोग ही लिंक्डइन पर हैं, 40 प्रतिशत ट्विटर पर, और सबसे ज्यादा 83 प्रतिशत फेसबुक पर मौजूद रहते हैं। लिंक्डइन ने हाल ही में अपनी हिंदी सेवा भी शुरू कर दी है और इसके लिए कंपनी भारत के प्रमुख अखबारों में फुल पेज के विज्ञापन और रेडियो के माध्यम से भी प्रचार कर रही है। जाहिर है कि लिंक्डइन को अब हिंदी भाषी यूजर्स की तलाश है, क्योंकि दुनिया भर की कंपनियां भारतीय प्रतिभाओं की तलाश में हैं और उन्हें भारत में बहुत संभावनाएं नजर आती हैं। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे लोगों को आसानी से जॉब मिलता है, जिनका प्रोफाइल अच्छा है, साथ ही जिनके नाम को कई लोगों ने रेफर भी किया हो। इससे यह भी साफहोता है कि जॉब की तलाश करने वालों को अपने सोशल मीडिया पर इमेज खराब करने वाली और फालतू की चीजें पोस्ट नहीं करनी चाहिए। समझदारी से और इमेज अच्छी करने वाली सामग्री पोस्ट करने से बात बन सकती है। इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति का कहना है कि सभी क्षेत्रों में ढेरों अवसर मौजूद हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल, बीमा, हाउसिंग, पर्यटन, होटल, पौष्टिक भोजन, यानी हर सेक्टर में अवसरों की भरमार है। सभी क्षेत्रों में अवसर हैं। वह कहते हैं कि सरकार की जिम्मेदारी नौकरी देना नहीं है, बल्कि ऐसा वातावरण प्रदान करना है जहां नौकरियां पैदा करने वालों को बढ़ावा मिले। सरकारी मशीनरी को किसी नये उद्यम में तब तक दखल नहीं देना चाहिए, जब तक वह सालाना 50 करोड़ रुपये का मुनाफा हासिल न कर ले।

सोशल मीडिया के जरिए ऐसे लोगों को आसानी से जॉब मिलता है, जिनका प्रोफाइल अच्छा है, साथ ही जिनके नाम को कई लोगों ने रेफर भी किया हो। इससे यह भी साफ होता है कि जॉब की तलाश करने वालों को अपने सोशल मीडिया पर इमेज खराब करने वाली और फालतू की चीजें पोस्ट नहीं करनी चाहिए। समझदारी से और इमेज अच्छी करने वाली सामग्री पोस्ट करने से बात बन सकती है। इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति का कहना है कि सभी क्षेत्रों में ढेरों अवसर मौजूद हैं।

उधर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भविष्य को लेकर दो बड़ी भविष्यवाणियां की हैं। एक ङ्क भारत जल्द ही दुनिया की तीन टॉप इकॉनोमी में शुमार होगा। दो ङ्क रिलायंस इंडस्ट्रीज दुनिया की सबसे मजबूत और प्रतिष्ठित भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों में से एक होगी। धीरूभाई अंबानी के जन्मदिवस के कार्यक्रम में अंबानी ने कहा कि हम रिलायंस के स्वर्णिम दशक के दूसरे हिस्से में प्रवेश कर रहे हैं। हमारी कंपनी का भविष्य मुझे पहले से कहीं ज्यादा उज्ज्वल दिख रहा है। टाटा ग्रुप की ओर से भी देश के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अच्छे संकेत मिल रहे हैं। खबरों से पता चलता है कि टाटा समूह आगामी वर्षों में डिजिटल, न्यू इनर्जी, लचीली सप्लाई चेन और हेल्थकेयर पर ध्यान केंद्रित करेगा। टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कर्मचारियों को लिखे एक खुले पत्र में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की अर्थव्यवस्था के 8.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो दुनिया की अर्थव्यवस्था वृद्धि के अनुमानित 4.9 प्रतिशत से काफी अधिक है। कंपनी को उम्मीद है कि वो भारत की 2024 तक 3 ट्रिलियन डॉलर (225 लाख करोड़ रुपये) की अर्थव्यस्था बनने की महत्वाकांक्षा को पूरा करने में भूमिका निभा सकती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आया है उनकी

आया है उनकी यादों का मौसम खुदा खैर करे फिर दिल के डूबने का है आसार खुदा खैर करे आँखों में उमड़ा एक भंवर समंदर बन के पलकें बनी हैं पतवार अब खुदा खैर करे दिल के हर शाख पे खिला था एक खुशनुमा फूल फिर छा गई यादों की काली घटा खुदा खैर करे उस बेवफ़ा को फिर दिल ने शिद्दत से पुकारा है ख़्वाहिशें हुई जवां दिल का अब क्या होगा खुदा खैर करे। – **डेज़ी जायसवाल**

जो टैक्स पेयर्स का

जो टैक्स पेयर्स का पैसा देश के विकास... रोजगार... सृजन में खर्च होना चाहिए... वो पैसा नेता लोग अपने बाप का माल समझकर... अपना वोट बैंक बनाने मे चुनाव जीतने के लिए... लोकलुभावन स्कीम के लिए लुटाने में लगे हैं... क्या यह वोट लेने के लिए घुसखोरी के अंतर्गत नहीं आता..?

– **कुमार संतोष**

ख़ास पाती

मैंने तमन्नाओं मे कभी चाँद

मैंने तमन्नाओं मे कभी चाँद को नहीं देखा, जबसे तुझे देखा, किसी और को नहीं देखा॥ ताकता हूँ छुप छुप कर, है तुझे भी पता ये, सहलाये दिल अकसर वो राग तो नहीं देखा॥ अधबनी तस्वीर भी थी सुबह सी देती राहत, एक ढांचे मे जुड़े फिर सांझ को नहीं देखा॥ आफताब भी शरमाये देख गर्मजोशी को तेरी, बुझाये प्रेम अगन, वैसे आग को नहीं देखा॥ अठखेलियाँ लेती हैं जैसे अमृत की धार में, बर्फलदे पर्वत सा कहीं नाज तो नहीं देखा॥ मैंने तमन्नाओं मे कभी चाँद को नहीं देखा, जबसे तुझे देखा, किसी और को नहीं देखा॥ – **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

इस चेतना के क्षणभंगुर क्षण

इस चेतना के क्षणभंगुर क्षण को सकारात्मक ऊर्जा मानव के गुणों से प्रेम स्नेह दया समर्पण से यूँ गौरवशाली अद्वितीय अतुलनीय अवर्णनीय अनुपम बनाए कि कभी इसके बितने का दुख , निराशा या पछतावा न रहे गत वर्ष और नव वर्ष की क्षितिज पर आशा अपेक्षा के दिवाकर को कभी अस्त न होने दें बल्कि नये उत्साह प्रयास मेहनत और लगन से हृदय में उदय करें एक ऐसा अलौकिक दिनकर जो नकारात्मक विचारों के अंधकार को दूर कर सके इस क्षणभंगुर के क्षण क्षण में सुख शांति और खुशियों का अमृत भर क्षण क्षण को जीवंतता से अमर कर दें। – **अर्पणा संत सिंह**

सुनो ना हर मौसम में तुम अपनी

सुनो ना हर मौसम में तुम अपनी मौजूदगी का अहसास दिला जाते हो तुम्हारे होने का अहसास ही तो प्रेम है तुम समझ रहे हो ना प्रिय प्रेम की कोई परिभाषा नही होता बस तुम ताउम्र मुझमें जिंदा रहो इतना ही तो मखमली प्रेम है। **–प्रीति श्रीवास्तव**

कोरोना से जूझते, गुजर गया इक्कीस नया साल दे सुख सदा

कोरोना से जूझते, गुजर गया इक्कीस। नया साल दे सुख सदा, रहे न मन में टीस।। हो विकास निज देश का, घर-घर होए शांति। भ्रांति न हावी हो सके, आए मन में क्रांति।। भूल-चूक जो भी हुई, देना उसे बिसार। तजना कुत्सित भाव को, रखना शुद्ध विचार।। बढ़े प्रेम, नफरत मिटे, धरा बने सुखधाम। करो कृपा त्रैलोक्य के, स्वामी राजाराम।।

–राजकुमार धर द्विवेदी

भारतीय राजनेताओं मे कोरोना

भारतीय राजनेताओं मे कोरोना प्रोटोकोल का सबसे अधिक पालन कोई कर रहा है तो वो कुमारी मायावती जी है ,कोई रैली नही ,कोई धरना प्रदर्शन नही । हलांकि मायावती जी व्यक्तिगत रूप से तो पहले से ही सोशल डिस्टेंस का पालन करती है जैसे कोई उनका चरण स्पर्श करना चाहे तो कम से कम 20 फीट दूर से ही जमीन पर लेटकर नतमस्तक हो और आशीर्वाद ग्रहण करे।

– **एड. अरूण कुमार गुप्ता**

बाहर है भटकन बहुत चल भीतर

बाहर है भटकन बहुत , चल भीतर की ओर सम्मोहित बन ध्यान में , पाओ निखरी भोर छाई है काली घटा , बादल भी घनघोर धीरे धीरे खिंच रही रसभीनी सी डोर धुन मुरली की है मधुर , भीगे नयना कोर आकुल व्याकुल गोपिका , छेड़े माखन चोर मन आँगन वीणा बजी ,हर्षित चाँद चकोर ठुमक ठुमक के हरि चलें , पकडे आँचल छोर गठरी है भारी बहुत , कंधे हैं कमजोर दूर बहुत है देस रे , भटकत जंगल मोर। – **ज्योत्सना सक्सेना**

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में ब्रेललिपि प्रेस किस जिले में स्थित है? (कोरबा / बिलासपुर)
2) छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश में कब शामिल किया गया ?
3) जशपुर सामरी पाट की ढाल किस ओर है?
4) दक्कन ट्रैप चट्टानों में किस प्रकार की खनिज पायी जाती है?
5) छत्तीसगढ़ के सबसे लोकप्रिय उत्सवों में से एक 'फागुन मड़ई' किस महीने में शुरू होता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बिलासपुर (2) 1956 (3) पूर्व की ओर (4) बॉक्साइड (5) माह

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1316- खिलजी वंश के शासक सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का निधन। 1664- छत्रपति शिवाजी महाराज ने सूरत पर हमला किया। 1824- फ्रांसीसी लेखक और साहित्यकार एलेग्ज़ेन्डर डोमा कनिष्ठ का पेरिस में जन्म। 1832- उन्मूलनवादी विलियम लॉयड गैरीसन ने न्यू इंग्लैंड विरोधी गुलामता समाज की स्थापना की। 1838- एल्फ्रेड वेल और सैम्युएल मोर्स ने पहली बार दुनिया के सामने टेलीग्राफका सफल प्रदर्शन किया। 1885- प्रसिद्ध हिंदी कवि और लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र का निधन। 1899- लॉर्ड कर्जन को भारत का वायसराय बनाया गया। 1907- रोम में पहली मोंटेसरी स्कूल और डेय केयर सेंटर की शुरुआत हुई। 1912- एल्फ्रेड वेगेनर ने महाद्वीपीय विस्थापन के सिद्धान्त को प्रस्तुत किया। 1928- चार्ली चैपलिन की मूक कॉमेडी फिल्म 'द सर्कस' का प्रीमियर न्यूयॉर्क शहर में स्ट्रैंड थिएटर में हुआ। 1932- यूसुफलियोनस ऑस्ट्रेलिया के 10 वें प्रधानमंत्री बने। 1947- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन स्वीकार किया। 1950- ब्रिटेन ने चीन की कम्युनिस्ट सरकार को मान्यता दी। 1955- मिस्टर बीन के किरदार से दुनिया भर को दीवाना बनाने वाले सर रोवन सेबेस्टियन का जन्म। 1959- भारत को पहला क्रिकेट विश्व कप दिलाने वाले प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव का जन्म। 1967- संगीत की दुनिया के बेताज बादशाह ए.आर.रहमान का जन्?म। 1989- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के दोषी सतवंत सिंह और केहर सिंह फांसी दी गई।

कटरीना की 'मेरी क्रिसमस' की शूटिंग टली

बढ़ते कोरोना वायरस की मार अब फिल्म इंडस्ट्री पर पड़ने लगी है। कई राज्यों में सिनेमाघर बंद होने के बाद पहले ही कई फिल्मों की रिलीज टाली जा चुकी है। अब कोरोना वायरस के कारण फिल्मों की शूटिंग भी टलनी शुरू हो गई है जिसका सीधा असर क्रू मेंबर्स की जेब पर पड़ने वाला है। खबर है कि राजधानी दिल्ली में बढ़ते कोविड-19 के मामलों को देखते हुए कटरीना कैफ की फिल्म 'मेरी क्रिसमस' की शूटिंग टाल दी गई है।

डायरेक्टर श्रीराम राघवन की इस फिल्म में कटरीना के साथ साउथ के स्टार विजय सेतुपति नजर आने वाले हैं। इसी महीने फिल्म की शूटिंग दिल्ली में शुरू होनी थी लेकिन अब इसे टाल दिया गया है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पहले ही मुंबई में कर ली गई है। यह पहली फिल्म है जिसकी शूटिंग कटरीना को विक्की कौशल से शादी के बाद करनी थी।

बता दें कि हाल के दिनों में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से उछाल आया है। इसके बाद 'जर्सी', 'पृथ्वीराज', 'आरआरआर', 'राधे श्याम' और 'वालिमई' जैसी बड़ी फिल्मों की रिलीज टाल दी गई है। आने वाले दिनों में अगर ऐसे ही बढ़ती संख्या में केस आते हैं तो कुछ और फिल्मों की रिलीज टलने के भी पूरे आसार हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो 'मेरी क्रिसमस' के अलावा कटरीना कैफ सलमान खान और इमरान हाशमी के साथ 'टाइगर 3' में और सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ 'फोन भूत' में नजर आएंगी। कटरीना की पिछली फिल्म अक्षय कुमार के साथ 'सूर्यवंशी' रिलीज हुई थी जिसे काफी पसंद किया गया था।

सामंथा ने दीपिका पादुकोण को किया बर्थडे विश

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण बुधवार को 36 साल की हो गई हैं। फिल्म इंडस्ट्री के तमाम मशहूर हस्तियों ने दीपिका पादुकोण को बर्थडे विश किया है। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु से लेकर एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर सहित कई सेलेब्स ने दीपिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। हालांकि, इस बीच सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर बर्थडे गर्ल दीपिका पादुकोण के लिए एक खास पोस्ट लिखी।

सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर दीपिका की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आपका इतना अविश्वसनीय जन्मदिन हो कि हर दिन प्यार और मन की शांति के साथ शुरू और खत्म हो। अंदर और बाहर सबसे खूबसूरत दीपिका पादुकोण को जन्मदिन की बधाई। वहीं, एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने भी दीपिका को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक्ट्रेस दीपिका की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, जन्मदिन मुबारक हो दीपिका पादुकोण। आप हमेशा प्यार और रोशनी की कामना करते हैं।

एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'गहराइयां' से दीपिका का पोस्टर शेयर किया और लिखा, हैप्पी बर्थडे दीपिका पादुकोण। आप हर साल अधिक चमकती हैं और आपके पास हमारे लिए जो जादू है, उसे देखने के लिए मैं और इंतजार नहीं कर सकती। सबसे खूबसूरत, प्रतिष्ठित और प्रेरक अभिनेत्री को शुभकामनाएं। एक्टर प्रभास ने गुलाबी साड़ी में दीपिका की एक तस्वीर साझा कर उन्हें बर्थडे विश किया। उन्होंने लिखा, बहुत खूबसूरत मुस्कान वाली लड़की को जन्मदिन की शुभकामनाएं। इतना ही नहीं, अभिनेता आयुष्मान खुराना, दीया मिर्जा, ईशा कोप्पिकर और अन्य ने भी सोशल मीडिया पर दीपिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि दीपिका पादुकोण ने फराह खान की फिल्म ओम शांति ओम (2007) से बॉलीवुड में शुरुआत की थी। इस फिल्म में अभिनेता शाहरुख खान और अर्जुन रामपाल भी थे। इसके बाद दीपिका कॉकटेल (2012), ये जवानी है दीवानी, चेन्नई एक्सप्रेस (2013), बाजीराव मस्तानी (2015) और पद्मावत जैसी फिल्मों में दिखीं।

'बुल्ली बाई ऐप' के आरोपी पर दया दिखाएं और उसे माफ कर दें: जावेद

हाल के दिनों में बुल्ली बाई नाम का एक ऐप काफी सुर्खियों में रहा है। इस विवादित ऐप पर मुस्लिम महिलाओं के फोटो और जानकारियों के साथ बोली लगाई जा रही थी। इस मामले में काफी बवाल मचने के बाद मुंबई पुलिस ने ऐप पर कॉन्टेंट डालने वाले 3 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि उत्तराखंड की रहने वाली 18 साल की श्वेता सिंह इस ऐप की मास्टरमाइंड हैं।

अब इस मुद्दे पर बॉलिवुड के जाने-माने गीतकार जावेद अख्तर का भी रिऐक्शन सामने आया है।



जावेद ने कहा है कि अगर वास्तव में इस मामले की मास्टरमाइंड 18 साल की है तो उसे माफ कर दें। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, 'अगर बुल्ली बाई को बनाने वाली वास्तव में 18 साल की लड़की है जिसने हाल ही में कोरोना और कैंसर से अपने पैरंट्स को खोया है, तो मुझे लगता है कि कुछ बड़ी उम्र की महिलाएं उससे मिलें और उसे बताएं कि जो भी उसने किया वह गलत है। उसके प्रति दया दिखाएं और उसे माफकर दें।'

बता दें कि मुस्लिम महिलाओं की फोटो को एडिट करके इंटरनेट पर वायरल करने और बुल्ली बाई नामक ऐप पर नीलामी के मामले की मास्टरमाइंड श्वेता की मां और पिता का निधन हो चुका है। तीन बहनों और एक भाई का यह परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहा है। मुंबई पुलिस ने मामले में 21 साल के इंजिनियरिंग के छात्र विशाल झा और उत्तराखंड के ही मयंक रावत को भी गिरफ्तार किया है।

न्यूज गैलरी

इस वित्त वर्ष फार्मा उद्योग में आएगी बहार

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इकरा ने अपनी हालिया जारी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारतीय फार्मा उद्योग वित्त वर्ष 2022-23 में रौनक रहेगी। इसमें कहा गया है कि यह उद्योग 9 से 11 फीसदी की दर से आगे बढ़ेगा। एजेंसी ने नये प्रोडक्ट इंट्रोडक्शन, रुपये में गिरावट और बाजार कवरेज के विस्तार के अलावा गैर-कोविड उत्पादों की मांग में सुधार को इसके लिए प्रमुख कारक करार दिया है। इकरा के मुताबिक, अमेरिकी बाजारों में कीमत से संबंधित दबाव के चलते दूसरी तिमाही में राजस्व वृद्धि सीमित रही, लेकिन भारत और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसकी वृद्धि दर मजबूत है। इसमें कहा गया है कि मजबूत राजस्व वृद्धि के कारण फार्मा क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण स्थिर बना हुआ है। अपने अनुमान को जाहिर करते हुए रिपोर्ट में इकरा ने कहा कि कई कारक हैं जो इस वित्त वर्ष में फार्मा उद्योग की वृद्धि की ओर इशारा कर रहे हैं। इक्रा में सहायक उपाध्यक्ष दीपक जोतवानी की मानें तो मूल्य निर्धारण के दबाव और कच्चे माल की बढ़ती लागत से वित्त वर्ष 2022 में इस क्षेत्र के लिए मार्जिन 22.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023 में 21 से 22 प्रतिशत के पूर्व-कोविड स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है।

बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड पर की जीत हासिल

नई दिल्ली। बांग्लादेश ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर इतिहास रच दिया है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में डिफेंडिंग चैंपियन के खिलाफ मिली इस जीत ने बांग्लादेश को अंक तालिका में जबरदस्त फायदा पहुंचाया है। वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। बांग्लादेश की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अब वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों से आगे हो गई है। अंक तालिका में बांग्लादेश का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह अब तक पांचवें स्थान पर नहीं पहुंचा था। दूसरी ओर, हार के बाद न्यूजीलैंड की टीम हार के बाद सातवें स्थान पर खिसक गई है। भारतीय टीम अभी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज खेल रही है। वह फिलहाल चौथे स्थान पर काबिज है। एशेज सीरीज जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम फिलहाल पहले पायदान पर काबिज है। उसके बाद श्रीलंका और पाकिस्तान की टीम है।

साइबर खतरों से निपटने के लिए गूगल ने 50 करोड़ डॉलर में की डील

नई दिल्ली। अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली गूगल क्लाउड ने घोषणा की है कि उसने नवीनतम साइबर खतरों से निपटने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने कहा कि सुरक्षा टीमों के लिए इसे आसान बनाने के प्रयासों के तहत इजराइली साइबर सुरक्षा स्टार्टअप सिएम्प्लिफाई का अधिग्रहण किया गया है।

अभी सौदे की शर्तों का खुलासा नहीं

इस संबंध में जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक किसी भी कंपनी ने सौदे की शर्तों का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, इजराइल स्थित सी-टेक की नई रिपोर्ट का अनुमान है कि अधिग्रहण की कीमत लगभग 500 मिलियन डॉलर है। गूगल की ओर से बताया गया कि कंपनी ने बढ़ते साइबर हमलों के बीच अपनी सुरक्षा का विस्तार किया है। क्लाउड डिवीजन ने इजरायली साइबर सुरक्षा स्टार्टअप सिएम्प्लिफाई को खरीद लिया है।

कोरोना काल में साइबर सुरक्षा की जरूरत बढ़ी

गौरतलब है कि साइबर हमलों और डाटा उल्लंघनों के बढ़ते मामलों के मद्देनजर गूगल ने पिछले साल अगस्त 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से वादा किया था कि कंपनी अगले पांच सालों में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में 10 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसी वादे के तहत ये कदम उठाया गया है। कोरोना की शुरुआत के बाद से ज्यादातर कंपनियां घर से काम करा रही हैं और बड़ी संख्या में क्लाउड का इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में सुरक्षा खतरों से बचाव की आवश्यकता बढ़ी है, साथ ही बड़े कॉरपोरेट्स भी साइबर सुरक्षा उत्पादों पर जोर दे रहे हैं।

क्या काम करती है सिम्प्लिफाई

बता दें कि अमोस स्टर्न के नेतृत्व वाला स्टार्टअप सिम्प्लिफाई सुरक्षा व्यवस्था, स्वचालन और प्रतिक्रिया समाधान प्रदान करती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सिम्प्लिफाई ने जी20 वेंचर्स और 83नॉर्थ सहित निवेशकों से 58 मिलियन डॉलर जुटाए थे। गूगल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सिम्प्लिफाई के प्लेटफॉर्म को उसके क्लाउड में एकीकृत किया जाएगा और यह उन क्षमताओं के आधार के रूप में काम करेगा, जिनमें वह निवेश करेगा।

बाजार में आज भी जारी रही तेजी, सेंसेक्स 367 अंक चढ़ा

नई दिल्ली। बाजार में आज लगातार चौथे दिन तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स आज 367.22 अंक यानी 0.61% की बढ़त के साथ 60,223.15 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 120 अंक यानी 0.67% की तेजी के साथ 17,925.25 के स्तर पर बंद हुआ है।

आज के कारोबार में आईटी, मीडिया और फार्मा को छोड़कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुआ है। निफ्टी के आईटी इंडेक्स में मुनाफा वसूली के चलते करीब 2 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। वहीं, निफ्टी फार्मा भी 0.3 फीसदी नीचे बंद हुआ है। इनके अलावा निफ्टी ऑटो 1.05 फीसदी, मेटल इंडेक्स 1.4 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ है।

बैंकिंग शेयरों में एक बार फिर खरीदारी आती दिखी है जिसके चलते बैंक निफ्टी आज 2.32 फीसदी की बढ़त के साथ 37,695.90 के स्तर पर बंद हुआ है।

सोना 154 रुपये मजबूत, चांदी में भी 352 रुपये की तेजी

नई दिल्ली। बहुमूल्य धातुओं के अंतरराष्ट्रीय मूल्य में तेजी के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 154 रुपये की तेजी के साथ 46,969 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,815 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 352 रुपये की तेजी के साथ 60,725 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 60,373 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव लाभ के साथ 1,816 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 22.92 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''न्यूयॉर्क स्थित जिंस एक्सचेंज कॉमेक्स में बुधवार को सोने का भाव मजबूत होकर 1,816 डॉलर प्रति औंस हो गया जिससे यहां सोने की कीमतों में मजबूती आई।''

तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के नए दाम

नई दिल्ली। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से आज पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। 30 से ज्यादा दिन के बाद भी आज दाम स्थिर हैं। पिछले कई महीनों से देश कई राज्यों में अभी भी पेट्रोल के दाम 100 रुपये से ऊपर चल रहे हैं। देश में तेल के दाम अभी आम आदमी की जेब पर असर डाल रहे हैं। दिल्ली में पेट्रोल का दाम 95.41 रुपये जबकि डीजल का दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.98 रुपये व डीजल की कीमत 94.14 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 104.67 रुपये जबकि डीजल का दाम 89.79 रुपये लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 101.40 रुपये लीटर है तो डीजल 91.43 रुपये लीटर है।

बीएसएनएल ने किया अपने नये प्लान का ऐलान

नई दिल्ली। बीएसएनएल ने अपने प्रीपेड प्लान यूज़र्स के लिए एक नए ऑफर का ऐलान किया है. सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल ने अपने 2,399 रुपये वाले प्रीपेड प्लान के साथ कुल 90 दिनों की एडिशनल वैलिडिटी देने का ऐसान किया है. इतना ही इस 2,399 रुपये के प्रीपेड प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ हर दिन 3जीबी डेटा भी मिलता है. पहले इस प्लान की वैलिडिटी 365 दिन की थी, जो अब बढ़कर 455 दिन हो जाएगी. यानी अब ये 12 महीने की जगह 15 महीने तक चलेगा.

कंपनी ने बीएसएनएल हरियाणा के ट्विटर हैंडल से इस बात की जानकारी दी है. पहले इस प्लान में 60 दिन की एडिशनल वैलिडिटी वाले ऑफर के साथ कुल 425 दिन की वैलिडिटी दी जा रही थी. हालांकि इस प्लान को बीएसएनएल हरियाणा सर्कल ने लॉन्च किया है. ऐसा हो सकता है कि ये प्लान सभी सर्कल में मौजूद ना हो.

ये लेटेस्ट प्रमोशनल ऑफर 15 जनवरी तक वैलिड है. बीएसएनएल के 2,399 रुपये वाले प्लान के दूसरे बेनिफिट्स की बात करें तो इसमें ग्राहकों को अनलिमिटेड लोकल एंड एसटीडी वॉयस कॉलिंग और रोज 3जीबी डेटा दिया जाता है।

365 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान

इसके अलावा अगर आप लंबी वैलिडिटी वाले सस्ते प्लान को ढूंढ रहे हैं तो बीएसएनएल 1499 रुपये का भी प्रीपेड प्लान ऑफर कर रहा है. इस प्लान में 365 दिनों की वैलिडिटी मिलती हैं।

कशमकश | दूसरे टेस्ट में भारत और अफ्रीका के बीच कांटे की टक्कर

दूसरे टेस्ट में साउथ अफ्रीका को मिला 240 रनों का लक्ष्य

जोहानिसबर्ग। भारतीय टीम ने चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे के अर्धशतक और दोनों के बीच हुई शतकीय साझेदारी के दम पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरी पारी में 60.1 ओवरों में 266 रन बनाए। इस तरह मेजबान साउथ अफ्रीका को जोहानिसबर्ग के द वांडरर्स में जारी दूसरे टेस्ट को जीतने के लिए 240 रनों का लक्ष्य मिला है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 202 रन बनाए थे, जबकि साउथ अफ्रीका की पहली पारी 229 रनों पर ऑलआउट हुई थी। उसने पहली पारी में 27 रनों की बढ़त ली थी।

कम अनुभवी साउथ अफ्रीकी टीम के लिए 240 रनों का लक्ष्य पाना आसान नहीं होगा, क्योंकि

मैदान पर अनियंत्रित उछाल देखने को मिला है। अब तक हुई तीनों ही पारियों में दोनों टीमें बड़ी मुश्किल से 200 का आंकड़ा पार कर सकी हैं। दूसरी ओर, इस मैदान पर 220 से अधिक का स्कोर सिर्फ दो ही बार पाया जा सका है। टीम इंडिया के लिए इस मुश्किल पिच पर सबसे अधिक अजिंक्य रहाणे ने 78 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली, जबि चेतेश्वर पुजारा ने 86 गेंदों में 53 रन बनाए। दूसरी ओर, मेजबान टीम के लिए कागिसो रबाडा, लुंगी एंगिडी और मार्को जैनसन ने 3-3 विकेट झटके। एक विकेट ओलिवर के नाम रहा।

इस बीच रहाणे ने मार्को जेनसन की गेंद पर पॉइंट के ऊपर से छक्का भी लगाया। पुजारा ने 62 गेंदों पर जबकि रहाणे ने 67 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जिससे पता चलता है कि उन्होंने रन बनाने को प्राथमिकता में रखा। पुजारा ने 10 चौके जबकि रहाणे ने आठ चौके और एक छक्का लगाया। भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 155 रन था और वह अच्छी स्थिति में दिख रहा था, लेकिन इसके बाद रबाडा ने बेहतरीन स्पैल करके अपनी टीम को वापसी दिलायी।

रबाडा ने रहाणे को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच कराया और पुजारा को पगबाधा आउट किया। उन्होंने इसके बाद ऋषभ पंत को खाता भी नहीं खोलने दिया जिन्होंने शार्ट पिच गेंद को हॉफवॉली पर खेलने का गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाकर विकेटकीपर को कैच दिया।

पुजारा और रहाणे ने बनाया अर्धशतक

इससे पहले खराब फॉर्म के कारण आलोचकों के निशाने पर चल रहे पुजारा (86 गेंदों पर 53) और रहाणे (78 गेंदों पर 58 रन) ने अर्धशतक जमाए और तीसरे विकेट के लिए 23.2 ओवर में 111 रन की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों को पता था कि उनके लिए आगे टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा और इसलिए उन्होंने रन बनाने पर अधिक ध्यान दिया। हॉफवॉली पर की गयी गेंदों को उन्होंने ड्राइव करके सीमा रेखा तक पहुंचाया।

फ्रेंच कप फुटबॉल: एम्बाप्पे की हैट्रिक से पीएसजी की जीत

पेरिस। युवा स्ट्राइकर कीलियन एम्बाप्पे की 17 मिनट में दागी गई हैट्रिक के दम पर पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रेंच कप फुटबॉल प्रतियोगिता में वानेस को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से शिकस्त देकर अंतिम-16 का टिकट कटा लिया। एम्बाप्पे (59वें, 71वें 76वें मिनट) ने तीनों गोल दूसरे हाफ में किए। एम्बाप्पे पीएसजी के लिए 196 मैचों में 150 गोल कर चुके हैं।

वह पीएसजी के लिए 150 या उससे अधिक गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले सेंट्रल डिफेंडर प्रेसनल किमपेंबे ने (28वें मिनट) ने हेडर से गोल कर टीम का खाता खोला। स्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी सहित पीएसजी के चार खिलाड़ी संक्रमित होने के कारण मैच में नहीं खेले। वहीं नेमार घुटने की चोट से उबर रहे हैं।

राल्फकी टीम यूनाइटेड का अजेय रथ थमा

82वें मिनट में मोटिंहो के गोल से वॉल्वरहैंपटन ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हरा दिया। 42 साल बाद वॉल्वरहैंपटन ने ओल्ड ट्रैफर्ड में जीत दर्ज की। इसी के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड का राल्फरांगनिक की कोचिंग में चला आ रहा अजेय अभियान थम गया।

धन्वन्तरी जेनेरिक दवाई दुकान को रावणपारा से हटाने की मांग ...!

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की अतिमहत्वाकाँक्षी श्री धन्वन्तरी जेनेरिक मेडिशीन योजना के अनर्गत धनवंतरी जेनेरिक दवाई दुकानशासन द्वारा जगह-जगह खोले जा रहे है जिसमे आधे से कम दामों पर जनसामान्य को अंग्रेजी दवाओं को मुहैया कराने का उपदेश्य है। इसी योजना के तहत तीन जनवरी को राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नगर में मेडिकल दुकान का लोकार्पण किया गया लेकिन जिस मोहल्ले मे दुकान खोली गई है वहाँ पर उपद्रवियों की उत्पाद के चलते दवाई दुकान के कर्मचारी महज 3-4 दिनों में ही परेशान हो गए उत्पातीयों को देखते हुये अब ग्राहक भी दुकान में जाने से कतराने लगे है नगरवासियों ने इस दुकान को तत्काल दूसरे जगह पर स्थानांतरित करने की पुरजोर मांग किए है।

- बाजार से दूरी के कारण मार्केटिंग प्रभावित
- दुकान में आने से हिचकिचाते है ग्राहक

गौरतलब है की 3 जनवरी की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर आगमन के दौरान गंडई में उक्त दुकान का लोकार्पण किए थे इसका संचालन नगर पंचायत के रावणभाठा स्थित एक भवन में किया जा रहा हैयह भवन ऐसे जगह पर स्थित है जो मुख्य मार्ग से नजर नही आती है जहां पर अन्य किसी प्रकार का कोई दुकान भी नही है इसके चलते उक्त योजनाकानगर में अच्छा प्रतिसाद मिले ऐसी उम्मीद नही किया जा सकती। गंडई एक जंक्शन है सभी दिशाओ से लोगो की आवाजाही लगी रहती है अगर उक्त दुकान को बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय या मुख्य बाजार के आस पास में खोला जाता तो गंडई वासियो सहित दूर दराज से सफर करने वाले राहगीरो को भी इस योजना का लाभमिल पाता।दवाई दुकान में काम कर रहे कर्मचारियो से जानकारी लेने पर पता चला कि शासन ने अंग्रेजी दवाई पर इस दुकान में 55% का छूट दिया है, सर्जिकल समानो में 40 से 55 प्रतिशत की छूट दिया गया है। हर्बल दवाइयो पर कोई छूट नही है। वही दुकान में कुछ मेल समान के रूप में न्यूट्रिशयल समान भी लाकर रखा गया है जिस आंशिक छूट है। चुकी दुकान खुले अभी कुछ ही दिन हुवा है इसलिए अभी दवाइयों की उपलब्धता पूर्ण नही है परंतु बतयां जा रहा है कि जल्द ही सभी दवाइयों उपलब्ध हो जाएगा।

ग्राहक आसानी से पहुंच सके

1 से 2 माह में उक्त जेनेरिक दवाई की दुकान को निकाय के द्वारा बनाये गए अन्य जगह जहा पर सभी आसानी से पहुच सके पर व्यवस्थित किया जाएगा।

सीएमओ प्रमोद शुक्ला
नगर पंचायत गंडई

विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई कविता देवांगन

भाटापारा/नवप्रदेश। क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में हुए आयोजनों में अंचल की जिला पंचायत सदस्या कविता कूमलेश देवांगन शामिल होकर लोगों को आयोजनों के लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

जिला पंचायत सदस्या कविता ने ग्राम पंचायत कोडापार मुड़ीपार में मड़ई कार्यक्रम एवम ग्राम पंचायत सेमरिया ब एवम ग्राम पंचायत फरहदा के जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी लोगों को नए वर्ष की शुभकामनाओं के साथ गुरु घासीदास जयंती की ढेर सारी बधाई शुभकामनाए दिए साथ ही यादव समाज व मुढ़ी पार के यूवा साथीओ द्वारा आयोजित मड़ई मेले की बधाई शुभकामनाए दी। सभी को बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम में बहुत ही उत्साह लोगों के बीच देखने को मिला। श्रीमती देवांगन ने नया वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में खुशहाली की कामना की तथा और कोरोना जैसे महामारी से लोगों को बचने की सलाह दी। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अदिती बघमार, जनपद सदस्य तुका राम जोगी, कोड़ा पार के सरपंच चैतु कुर्रे, सेमरिया ब के सरपंच राजकुमार यदु, फरहदा सरपंच महीश जांगड़े, भाटापारा के पार्षद पुरुषोत्तम यदु, पीला राम बंजारे, बलकर ठाकुर, राजेंद्र सोनवानी, रितेश लहरी, बीरबल यदु, निकेश देवांगन, रोशन साहू, रोहित यदु गांव के उपसरपंच, पंच गण पंथी टोली के साथी, समस्त प्रमुख जन एवम ग्राम वाशी उपस्थित रहे।।

2 माह से फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में, प्रश्रय देने वाला भी हुआ गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। लोहे और डंडे वॉर करने वाले फरार आरोपी को करही बाजार पुलिस ने घटना के 2 माह बाद गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, वही आरोपी को गिरफ्तारी से बचाने उसे प्रश्रय देने वाले को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए करही बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक हितेश जंघेल ने बताया कि धारा 307,294,506,323,341,147,148 ,149, 201,212 भादवि के प्रकरण में प्रार्थी राजदेव टण्डन ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 16.10.2021 को मंगलू रात्रे ने डण्डा से तथा धनसाय रात्रे ने लोहे की राड से मेरे पिता देवसिंह टण्डन एवं भाई नामदेव टण्डन को मारे है तथा जान से मारने की धमकी दिये है उक्त रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आरोपियान 1. मंगलू राम रात्रे पिता स्व. केजहा रात्रे उम्र 65 साल, 2. रामसिंग रात्रे पिता स्व. केजहा रात्रे उम्र 42 साल, 3. ध्वजा राम रात्रे उर्फ धजा राम रात्रे उम्र 27 साल, 4 मानसिंग रात्रे पिता मंगलू राम रात्रे उम्र 20 साल, 5. राजेश कुमार रात्रे पिता मंगलू राम रात्रे उम्र 29 साल सभी साकिनान ग्राम लच्छनपुर चौकी करहीबाजार को दिनांक 23.10.2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था वही प्रकरण के फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हेतु पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा निर्देशित किया गया था जिसपर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर बुधवार को तकनीकी सहायता से आरोपी धनसाय रात्रे पिता मंगलू रात्रे उम्र 23 साल साकिन लच्छनपुर चौकी करहीबाजार को गिरफ्तार करने में सफ्लता मिली तथा फरार आरोपी को गिरफ्तारी से बचाने हेतु आश्रय देने वाले आरोपी गिरवर निराला पिता सेवक राम निराला उम्र 26 साल ग्राम बम्हनमुड़ी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया उक्त प्रकरण में आरक्षक विकास कुर्रे, खुमान साहू, सायबर सेल बलौदा बाजार से नेहा तिवारी, कुमार जैसवाल का विशेष योगदान रहा।

प्रेमी ने किया नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रेम जाल में फांस कर नाबालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पीड़िता को उसके कब्जे से छोड़ा कर उसके परिजनों के हवाले कर आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रोशन सिंह राजपुत ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिले में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों में तत्परतापूर्वक आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश कब पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोशन राजपूत थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिक बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। श्री राजपूत ने बताया कि प्रार्थी ने 21 अक्टूबर को इसकी नाबालिग पुत्री को, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा विधि पूर्ण संरक्षण से भगा कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 526/2021 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान पीड़िता एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु जमीनी स्तर पर कार्यवाही कर विशेष सूत्रों के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार एवं साईबर सेल के सहयोग से पुलिस टीम पीड़िता को आरोपी अभिषेक गायकवाड पिता राम विलास उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सलोनी थाना सिटी कोतवाली के कब्जे से बरामद कर पीड़िता एवं आरोपी को थाना भाटापारा ग्रामीण लाया गया। पीड़िता ने अपने कथन में आरोपी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करना बताने पर प्रकरण में धारा 366,376 भादवी 04,06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायीक अभिरक्षा में भेजा गया।

कलेक्टर-एसपी ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का किया आग्रह

बलौदाबाजार। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज जिलें के सभी समाज प्रमुखों, चेंबर ऑफ कार्मस एवं अन्य व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर धारा 144 एवं कोविड प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करने का किया आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम सभी ने दूसरे लहर के दौरान अपनो को खोया है। भगवान ना करे कि हमे पुन:यह स्थिती देखने को मिले। हमे अभी से सजग होना बहुत जरूरी है। कोविड के नए वैरियंट बहुत ही खतरनाक है। इससे समाज को बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। यह केवल प्रशासन के भरोसे ही संभव नही है। इसके लिए आप सभी का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने आगें कहा कि आप सभी टीकाकरण को अनिवार्य रूप से कराए।

पीड़ित परिवार के लिए 8 लाख रूपये की सहायता

बलौदाबाजार। प्राकृतिक आपदा से पीड़ित 2 परिवारों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के अंतर्गत 4 जनवरी 2022 को सहायता राशि मंजूर की है। गौरतलब है कि पानी में डूबने,आगजनी,सांप काटने जैसे प्राकृतिक आपदाओं में मृत्यु हो जाने पर उनके निकट परिजनों को 4 लाख रूपये की मदद सरकार द्वारा की जाती है। योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों में वासुदेव केवट एवं मोहनमति केंवट ग्राम मड़कडा तहसील कसडोल शामिल हैं। कलेक्टर ने सभी संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिए हितग्राही के खाते में स्वीकृत राशि जमा कराने के निर्देश दिये हैं।

देवपुरा पंचायत में रुका मनरेगा का काम

ख़बर प्रकाशन के बाद हरकत में आए सरपंच व रोजगार सहायक

गंडईपंडरिया/नवप्रदेश। नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत देवपुरा (गंडई) में क़रीब 8 लाख रु से हो रहे तालाब गहरीकरण कार्य को सरपंच और रोज़गार सहायक ने अपनी मनमानी के चलते काम को रुकवा दिया है। जिससे ग्रामीणों को मनरेगा कार्य से वंचित होना पड़ रहा है। नवभारत ने अपने बुधवार के अंक में ग्रामीणो ने लगाया रोजगार सहायक पर रिश्वत का आरोप शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था इसके बाद सरपंच व रोजगार सहायक हरकत मे आए और बुधवार को ही मनरेगा का काम रुकवा दिये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देवपुरा में मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण का विगत 21 दिसंबर से शुरू हुआ है। बताया जाता है कि तालाब के कुछ हिस्से को गांव के एक युवक ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे तालाब के मेढ़ प्रभावित हो रहा था, जिसे हटाने के लिए ग्रामीण लामबंद हो गए थे। इसके चलते ग्रामीणों एवं सम्बंधित युवक के बीच वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमणकारी को काफ़ी समझाईस देने के बाद युवक ने अतिक्रमण को हटाने की बात स्वीकारते हुए मामला सुलह हो गया था। लेकिन समझौता के दूसरे ही दिन यानि बीते 5 जनवरी को ग्राम सरपंच और रोज़गार सहायक ने काम रुकवा दिया है। आखिर ऐसी क्या वजह रही होगी कि दोनों पक्षों में राय-मशविरा होने के बाद सरपंच और रोजगार सहायक ने काम रुकवा दिया। वजह जो भी हो लेकिन मनरेगा काम बंद होने से ग्रामीणों की पेट मे लात मारने वाली बात हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि काफी अरसे के बाद गांव में मनरेगा का काम शुरू हुआ था उसे भी सरपंच और रोजगार सहायक ने मनमानी पूर्वक बंद करा दिये है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को रोज़गार से महरूम होना पड़ रहा है। वहीं इस सम्बंध में सरपंच प्रतिनिधि ग्रामीणों द्वारा एक से दो इंच मात्र खुदाई करने की वजह को बताकर अपना पल्ला झाड़ने लगा है।

इंजीनियर को घटना से अवगत कराया

ग्रामीणों द्वारा एक से डेढ़ इंच खुदाई कर रहे हैं जिसकी वजह से काम को बंद किया है। इंजीनियर को बुला कर घटना स्थिति से अवगत कराया जाएगा। दो-तीन दिवस में कार्य शुरू हो जाएगा।

सरपंच प्रतिनिधि, चंद्रकांत साहू देवपुरा

विवाद की स्थिति में काम को बंद कराया गया

विवाद की स्थिति को देखते हुए सरपंच और कुछ पंचों ने कार्य रुकवाने बोला गया था, जिसकी वजह से काम बंद किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर मुझे नोटिस मिला है, नोटिस की जानकारी देने के बाद एक दो दिनों में कार्य संचालित किया जाएगा।

बीरबल खुसरो, रोजगार सहायक देवपुरा

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम भूपेश के निर्देश ...

सहित सामाजिक संगठनों के प्रमुख शामिल हुए।

बैठक के बाद जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि सरकार जिला प्रशासन के साथ मिलकर के पूरे जिले में और विशेष रूप से रायपुर शहर में कोरोना के रोकथाम और नियंत्रण की तैयारी के सिलसिले में चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने फ्लिहाल लॉकडाउन से कन्नी काटते नजर आये। हालाँकि उन्होंने कहा कि यदि आम जनता शासन-प्रशासन के गाइड लाइन का पालन करें तो कतई लॉक डाउन नहीं लगेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा दोहराते हुए कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की व्यावसायिक, व्यापारिक, औद्योगिक और कृषि संबंधी ट्रांसपोर्ट गतिविधि को नहीं रोकेगी।

मंत्री चौबे ने कहा कि आवश्यक यह है कि हमको कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। इसीलिए चेंबर के प्रतिनिधियों को हम ने बुलाया था हमने उनसे भी आग्रह किया है जहां ज्यादा दुकान में भीड़ होगी वहां कोरोना गाइड लाइन का पालन किया जाए, जिसमे मास्क लगाना सभी को अति आवश्यक है।

राजधानी रायपुर में पुलिस अधीक्षक और कमिश्नर नगर निगम के निर्देशानुसार बगैर मास्क वालों पर सख्ती से कार्रवाई किया जायेगा। साथ ही जो आवश्यक प्रावधान है उसके तहत कार्रवाई भी की होगी। मंत्री चौबे ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें सावधानी बरतने की की जरूरत है। जिसमें मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और सेनेटाइजर का उपयोग के साथ ही बार-बार हाथ धोते रहना यह आवश्यक प्रक्रिया है।

नाइट कर्फ्यू ...

प्रतिष्ठान संचालक, कर्मचारी एवं ग्राहकों को व्यवसाय के दौरान मास्क का उपयोग करना आवश्यक होगा। सभी व्यवसायियों को अपने दुकान/संस्थान में विक्रय हेतु मास्क/ सेनेटाईजर रखना अनिवार्य होगा। गाइडलाइन का उल्लघंन किये जाने पर नगरीय निकाय के अधिकारी पुलिस विभाग के सहयोग से चालानी कार्यवाही सुनिश्चित है ।

कश्मीर में अब ...

स्तर का संकेत देते हैं और इन स्तरों की जैकेट का विभिन्न हथियारों से कम से कम पांच बार वार कर परीक्षण किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस मुख्यालय ने हाल में इन जैकेट की खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर बोलियां मंगाई हैं।

उन्होंने बताया कि जैकेट पुलिस कर्मियों को हर तरफ से सुरक्षित रखने में सक्षम होनी चाहिए और सभी आकारों में उपलब्ध होनी चाहिए। इन जैकेट का गुजरात फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (जीएफएसयू) प्रयोगशाला में अनिवार्य रूप से बैलिस्टिक परीक्षण किया जाएगा।

6 जिलों के कलेक्टरों ...

की जिम्मेदारी तय करते हुए नोटिस जारी किए जाने की अनुशंसा की गई है। इन जिलों में रायपुर, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, धमतरी और महासमुंद शामिल हैं।

इधर अफसरों ने दावा किया था कि बेमौसम बारिश से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है, तो कस्टम मीलिंग के लिए धान का परिवहन भी किया गया है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने मौका मुआयना करने के बाद अफसरों की दलील को खारिज कर दिया था। बता दें कि बेमौसम हुई बारिश से करीब 38 हजार टन धान भीग गया है. जिसके बाद ज्यादातर धान को सुखाकर मिलिंग के लिए भेज दिया गया है।

शहर सत्ता कांग्रेस के हाथ, रिसाली ...

रच दिया है। शशि सिन्हा जो पहली बार पार्षद का चुनाव लड़ी थी और उन्हें कांग्रेस ने महापौर प्रत्याशी बनाया था। शशि के पक्ष में 27 वोट पड़े और वह रिसाली नगर निगम की पहली महापौर चुन ली गई। शशि के विरुद्ध भाजपा की पार्षद रमा साहू थी उन्हें 9 वोट मिले हैं। वहीं निर्दलीय पार्षद सुनंदा चंद्राकर को महज 4 वोट ही मिले हैं।

इधर कांग्रेस पार्षद केशव बंछोर को कांग्रेस ने सभापति के लिए चुनावी मैदान में उतारा था, इन्हे भी बहुमत मिला और केशव बंछोर भी रिसाली नगर निगम के पहले सभापति चुन लिए गए हैं। सभापति चुनाव में भाजपा की ओर से धर्मेंद्र भगत मैदान में थे,उन्हें 13 वोट मिले हैं। माना जा रहा है कि भाजपा में क्रॉस वोटिंग हुई है।

खैरागढ़ नगर पालिका में ...

भाजपा को 10 और कांग्रेस को 9 सीट पर विजय मिली थी। लेकिन भाजपा-कांग्रेस बराबर की स्थिति में थे। रिकाउंटिंग के दौरान ये सीट कांग्रेस के पाले में चली गई जिसके बाद भाजपा-कांग्रेस टाई हो गए। जिसके बाद से ही अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए दोनों ही दल दवा ठोक रहे थे लेकिन चुनाव में कांग्रेस को आखिरकार जीत मिल गई। इस तरह खैरागढ़ के स्थानीय सरकार में भी कांग्रेस ने क़ब्ज़ा जमा लिया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)

पता- नया बस स्टैण्ड के पीछे, दुर्ग
फोन व फैक्स नंबर - 0788-2322148 Email ID- durgmc2019@gmail.com

-:: निविदा सूचना ::-

क्रमांक/487/रा.वि.(बा.)/2021 दुर्ग, दिनांक 04/01/2022

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत निगम स्वामित्व की निर्मित दुकानों का आबंटन राइट ऑफ आक्युपेशन हक पर देने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से बंद लिफाफे में ऑफर दिनांक 04/02/2022 को 5.30 बजे (कार्यालयीन अवधि) तक नगर पालिक निगम (बस डिपो) कार्यालय में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा दिनांक 05.02.2022 को 4.00 बजे उपस्थित ऑफरकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त किया जावेगा। निविदा सीधे कार्यालय में नहीं लिया जावेगा।

क्र.	व्यवसायिक परिसर का नाम	दु. का आकार	ऑफसेट मूल्य	अमानत राशि	लीज अवधि	मासिक किराया	नि.प्रपत्र मूल्य
1	सदर नाका शॉपिंग काम्पलेक्स दुकान क्रमांक 11 (सामान्य)	225 वर्गफुट	12,37,900/-	1,23,790/-	15 वर्ष	800/-	300/-

01. निविदा प्रपत्र नगर निगम की वेबसाइट http://municipalcorporationdurg.in/tender.html से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य व अमानत राशि का डी.डी. पृथक-पृथक संलग्न करना होगा।
02. निगम द्वारा निर्धारित राशि से कम ऑफर पर निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।
03. निविदा फार्म पर निविदाकर्ता का फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा। साथ ही आई.डी. (परिचय पत्र) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
04. निविदा स्वीकृति उपरांत पंजीयन करना अनिवार्य होगा।
05. निविदा 03 लिफाफा पद्धति में प्रस्तुत करना होगा। लिफाफा ''अ'' में अमानत राशि के रूप में डी.डी. एवं अन्य वांछित दस्तावेज की छायाप्रति लिफाफा ''ब'' में निविदा प्रपत्र की प्रति तथा लिफाफा ''स'' में लिफाफा ''अ'' एवं ''ब'' को डालना होगा।
06. दुकान के संबंध में अन्य जानकारी बाजार विभाग नगर पालिक निगम, दुर्ग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, दुर्ग

कार्यालय, जोन क्रमांक-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 80/न.पा.नि./जोन-10/21-22 रायपुर, दिनांक 31.12.2021

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 12.01.2022 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 13.01.2022 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 21.01.2022 कार्यालयीन समय 3:00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 21.01.2022 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
01	रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 50 अंतर्गत मौलश्री विहार गेट के पास नाली निर्माण कार्य।	3.80	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह
02	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 अंतर्गत महात्मा गांधी नगर गली नं. 03 में सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	3.95	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ,ब, स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक साल्वेंसी, लास्ट तीन साल का आईटीआर एवं क्लीयरेंस डिटेल, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह का क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक-10,
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

जनचौपाल में मिले 31 आवेदनों का त्वरित निराकरण

जनचौपाल में रोशन को मिला श्रवण यन्त्र

मासूम लोमिन को मिलेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

बोइरगाँव मे बनेगा मुक्तिधाम

गरियाबंद /मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने 16 वर्षीय श्रवण बाधित रोशन देवांगन को श्रवण यन्त्र देकर उनकी मांग को तत्काल पूरा किया। कलेक्टर ने जनचौपाल में पहुंचे सभी आवेदकों से उनकी समस्या और शिकायतों को सहृदयता से सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

जन चौपाल में आज 31 नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर कलेक्टर को आवेदन दिए। आज जनचौपाल में ग्राम सारागांव छुरा से पहुंचे श्रवण बाधित 16 वर्षीय रोशन देवांगन को मौके पर ही श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर ने उनके पिता की मांग पर और रोशन की आवश्यकता को देखते हुए उनकी मांग को तत्काल पूरा किया। रोशन देवांगन कक्षा दसवीं में पढ़ रहा है और वह श्रवण बाधित है उसे पढ़ाई के दौरान सुनने में और दैनिक कामकाज के दौरान भी सुनने में असुविधा होती है। इस उम्मीद के साथ वे जनदर्शन में पहुंचे थे की उनकी समस्या का समाधान होगा समस्या का त्वरित निराकरण होने पर उनके पिता ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है। वही अपनी बच्ची के इलाज और दिव्यांग का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गुहार लगाने पहुंचे ग्राम पारागांव घटौद के 4 वर्षीय हेमंत यादव के ईलाज के लिए उनके पिता ने आवेदन दिया। कलेक्टर ने मौके पर स्वास्थ्य विभाग से जांच कराकर आवश्यक उपचार के निर्देश दिये हैं। इसी तरह ग्राम धवलपुर के देवेन्द्र ध्रुव द्वारा अपनी 6 वर्षीय पुत्री लोमिन ध्रुव के ईलाज और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन दिया गया। कलेक्टर द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र कल ही बन जाएगा। स्वास्थ विभाग को आवश्यक परीक्षण कर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत दर्रीपारा की ग्रामीणों ने और जनप्रतिनिधियों ने आश्रित ग्राम बोइरगाँव कला में मुक्तिधाम की मांग की थी जिसे कलेक्टर ने तत्काल स्वीकृति हेतु संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं। इसी तरह सीतानदी आमदी के रपटा में पुलिया निर्माण के लिए आवेदन दिया गया है। ग्राम बारूका की पार्वती ने मुर्गी शेड हेतु आवेदन दिया जिसके उचित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं इसके अलावा जनदर्शन में आज पेंशन के प्रकरण, स्वास्थ्य परीक्षण और अन्य आवेदन प्राप्त हुए । जिसके निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए ।

जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी विश्वदीप, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋचा ठाकुर सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कोरोना को ध्यान में रखते हुए जिले में धारा 144 लागू

बेमेतरा - छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के दिशा-निर्देश के परिपालन में कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के निर्देशन में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल पाजपेयी ने एक आदेश जारी कर कोविड-19 एवं नये वेरियन्ट ओमिक्रान के संक्रमण की बढ़ती हुई रफ्तार को दृष्टिगत रखते हुये दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एपिडेमिक एक्ट 1897 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया हैं। जिसमें जिला बेमेतरा राजस्व सीमा अंतर्गत सभी प्रकार के जूलूसों, रैलियों, सभाओं, सार्वजनिक समारोह, सामाजिक (विवाह आयोजन एवं अन्त्योष्टि कार्यक्रम को छोड़कर)/सांस्कृतिक/धार्मिक एवं खेल-कूद आदि से संबंधित वृहद आयोजनों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है। जिले अंतर्गत सभी होलसेल दुकानें, जिम, सिनेमाघर, होटल, रेस्टोरेन्ट्स, स्वीमिंग पूल आडिटोरियम, मैरिज हॉल एवं अन्य आयोजन स्थलों को आगामी आदेश तक एक तिहाई क्षमता के साथ संचालित किया जावे, साथ ही 200 व्यक्तियों से अधिक उपस्थिति होने पर इस कार्यालय से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। सभी व्यक्तियों द्वारा मास्क/फेस कवर का उपयोग व कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा।

न्यूज गैलरी

पंचायत स्तर पर होती है श्रमिकों की पलायन पंजी संधारित

कवर्धा। ग्राम पंचायत स्तर पर अस्थायी रूप से स्थानीय श्रमिकों का पलायन की जानकारी आती रहती हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के माध्यम से मनरेगा के पंजीकृत परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके बाद भी ग्राम पंचायत स्तर से पलायन करने वालें श्रमिकों का पलायन पंजी संबंधित ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सचिव के द्वारा की जाती है। इसके अलावा मुख्य कार्य पलायन अधिकारी एवं नगर पंचायत को भी पलायन संबंधित जानकारी संधारित करने के लिये निर्देशित किया जाता है।

श्रम पदाधिकारी श्री शोएब कॉजी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गांवो में रिकार्ड संधारित करने कि जिम्मेदारी समस्त जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम स्तर पर किया जाता हैं।

पेंशन प्रकरण निवारण शिविर का सफल आयोजन

कवर्धा। कबीरधाम जिले के अधीनस्थ शासकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त, मृत शासकीय कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों, परिवार पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार श्री सुशील गजभिये , संभागीय संयुक्त संचालक के निर्देशन में कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, दुर्ग की टीम श्री अशोक कुमार राठौर, सहायक संचालक तथा श्री दीपक कामनवार, सहायक आंतरिक लेखा अधिकारी द्वारा 3 और 4 जनवरी को कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर जिला कोषालय कार्यालय में 2 दिवसीय जिला स्तरीय पेंशन प्रकरण निवारण शिविर सम्पन्न किया गया। श्री एम.ए.मुस्तफा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि उक्त शिविर में कुल प्राप्त 19 प्रकरणों में से 17 प्रकरणों का त्वरित निवारण कर पीपीओ जारी कर दिया गया है तथा 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत्त होने वाले 2 प्रकरणों को प्रक्रियाधीन में रखा गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन 2021-22 के लिए प्रेक्षक नियुक्त

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन 2021-22 हेतु श्री रविराज ठाकुर, राज्य प्रशासनिक सेवा (आर.आर. 2015) उपसंचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर को कबीरधाम जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक से मिलने का समय प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक न्यू सर्किट हाऊस व्ही.आई.पी. कक्ष क्रमांक 03 कवर्धा में तथा मोबाईल नंबर 73895-77569 है। अभ्यर्थीगण एवं अन्य जनमानस की शंकाओं के समाधान हेतु संपर्क कर सकते है।

बालक या बालिका से भीख मांगना या मंगवाया जाना बाल भिक्षावृत्ति है

कवर्धा। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्रहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे के सड़कों पर अकेले रहते है, ऐसे बच्चें जो दिन में सड़कों में रहते है और रात में निकट के झुग्गी झोपड़ी बस्तियों मे रहने वाले अपने परिवार के पास घर वापस आ जाते है। अपने परिवार के साथ सड़कों में रहने वाले बच्चों के रेस्क्यू एवं संरक्षण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगर पालिका परिषद, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण की संयुक्त रेस्क्यू दल का गठन जिला एवं विकास खण्ड स्तरीय किया गया है।विकास खण्ड स्तरीय रेस्क्यू दल द्वारा आज विकास खण्ड पण्डरिया क्षेत्र में अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता रखने वाले प्राप्त बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर संरक्षण एवं सुरक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया की जाएगी।

युवाओं के लिए मन के गोंठ ऑनलाइन वेबीनार 7 को

देशभर के मनोचिकित्सक विशेषज्ञ छात्रों को बताएंगे मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के गुर

राजनांदगांव। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं और उनके निवारण के लिए देश की युवा पीढ़ी स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मेंटल वेल बीइंग वेबीनार मन के गोठ का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के सहयोग से आयोजित यह ऑनलाइन वेबीनार 7 जनवरी को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होगा, जिसमें देशभर के मनोचिकित्सक विशेषज्ञ छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देंगे।

साथ ही विशेषज्ञ अपने अनुभवों को साझा कर मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के उपाय भी बताएंगे। वहीं छात्रों को स्वंय के मानसिक स्वास्थ्य एवं अपने आसपास के लोगों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के गुर भी सिखाएंगे।

पुणे स्थित सीडेक एवं प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की ओर से उक्त ऑनलाइन वेबीनार आयोजित किया जाएगा जिसमें राज्य के युवाओं को शामिल होने के लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए सभी जिलों के सीएमएचओ एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

इस संबंध में उप संचालक राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया, युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के प्रति जागरूक करने की आज जरूरत है। इसी को देखते हुए वेबीनार में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज के छात्रों को विशेष रूप वेबीनार में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने के लिए सभी जिलों के जिला नोडल अधिकारी (मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम) को निर्देशित किया गया है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पदस्थ प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी, क्लिनिकल साइक्रेट्रिक, सोशल वर्कर, साइकेट्रिक नर्स एवं कम्युनिटी नर्स जो कि राज्य में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं उन्हें अनिवार्य रूप से वेबीनार में भाग लेने को निर्देशित किया गया है।

रमन टोला में एक किमी तक सीसी रोड के साथ होगा नाली निर्माण

संसदीय सचिव के प्रयास से मिली 78.40 लाख की मंजूरी

महासमुंद। ग्राम पंचायत मचेवा के रमन टोला में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत एक किमी तक सीसी रोड के साथ नाली निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से निर्माण कार्य के लिए 78 लाख 40 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। जिस पर नागरिकां ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मचेवा के रमन टोला में सीसी रोड के साथ ही नाली निर्माण की मांग संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से की गई थी। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षित कराया। बाद इसके मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए 78.40 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए स्वीकृति दिलाने पर जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ढेलू निषाद, जनपद सदस्य अश्वनी सचिन गायकवाड़, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू, किशन देवांगन, राजू यादव, सुखदेव साहू, गौरव चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, लीलू साहू, सचिन गायकवाड़, महेंद्र साहू, मोनेश यादव, गणेश ध्रुव, बलदेव साहू, संतोष साहू, शत्रुघन साहू, गिरीश साहू, किरण धृतलहरे, हेमन्त देवांगन, परसुराम ध्रुव, गेमन साहू, प्रताप ठाकुर, संजय बंजारे, राधे ध्रुव, फनेन्द्र निषाद, महेश साहू, राजू सिन्हा, मनोज बोरे, रोहित नवरंगे, चैनसिंग मारकंडे, भुवनेश्वर साहू, दीपक चंद्राकर, कुलेन्द्र चंद्राकर, विष्णु यादव, सेवकराम कुर्रे, मानस सिन्हा, आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

जिला निवेश प्रोत्साहन समिति का गठन

बेमेतरा - जिला स्तर पर विभिन्न औद्योगिक इकाईयों की स्थापना में आने वाली कठिनाईयों का विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर निवेशकों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं या उद्योग स्थापना में आने वाली कठिनाईयों का समय-सीमा में निराकरण करने हेतु छ.ग. औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम 2002 की धारा 4 अनुसार निम्नानुसार जिला निवेश प्रोत्साहन समिति का गठन कर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित की गई।

15 से 18 आयु वर्ग के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का हो टीकाकरण

गरियाबंद। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने अधिकारियों की समय-सीमा बैठक में कोविड-19 वैक्सीनेशन,धान खरीदी और विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर को ध्यान रखते हुए अधिकारियों को पूर्व में जारी कोरोना गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों मे अध्ययनरत् 15 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सभी एस.डी.एम को संबंधित क्षेत्र में स्कूलवार टीकाकरण की स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि टीकाकरण टीम के स्कूल पहुंचने पर बी.ईओ ,बी.आर.सी व संकुल समन्वयक वैक्सीनेशन हेतु विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। सभी विभागीय कार्यालयों में पूर्व की भांति कोरोना गाइडलाईन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। राजस्व, नगरीय निकाय और पुलिस विभाग सामंजस्य के साथ काम करते हुए लोगो को दो गज की दूरी और मास्क जरूरी के संबंध में प्रोत्साहित करें। व्यावसायिक दुकानों व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों का अधिक भीड़ न हो,इस पर नजर रखे।

गरीबों का राशन खाने वाले दोषी सेल्स मेन के ऊपर तत्काल कार्यवाही हो: नवीन अग्रवाल

9 महीनों से विजय कुमार साहू द्वारा ग्रामीण को कम राशन देकर उसको बहार बेच रहा है : जनता कांग्रेस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य व प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल के नेतृत्व में युवा लोकसभा अध्यक्ष अमर गोस्वामी, युवा छात्र संगठन जिला अध्यक्ष अलकेश उजवाने, महेश उईके द्वारा एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सोपकर सेल्समैन के ऊपर कार्यवाही की मांग की गई है।

नवीन अग्रवाल ने कहा कि डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम बोरतलाव, छीनदीजोब पंचायत में ग्रामिणों को राशन कम दिया जा रहा है, जिसको लेकर पंचायत के सभी ग्रामीणों में बहुत ही जादा आक्रोश है। विगत 9 महीनों से सभी ग्रामीणों को राशन कम दिया जा रहा है, इसकी शिकायत को ग्रामीणों द्वारा पूर्व में कई बार फूड इंस्पेक्टर को किया गया है, जिसके बाद मौके में पहुँचे फूड इंस्पेक्टर की जांच करने के बाद सेल्समैन विजय कुमार साहू को दोषी पाया गया, लेकिन कई दिन होने के बाद भी उसके ऊपर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। श्री अग्रवाल में बताया कि अब ग्रामीणों की मांग है कि विजय कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से हटाकर उस पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार से ग्रामीणों के साथ कोई दूसरा सेल्समैन ना कर सके, अगर ऐसा नहीं होता है तो सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शाशन प्रशासन की होगी।

कलेक्टर ने डेडीकेटेड कोविड हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण

गरियाबंद / कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने डेडीकेटेड कोविड- हॉस्पिटल (लाइवलीहुड कॉलेज) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इंसेंटिव वार्ड, जनरल वार्ड और ऑक्सीजन सिलेंडर सहित मौजूद अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर क्षीरसागर ने कहा कि देश प्रदेश में बढ़ते कोरोना वायरस के संक्रमण को गंभीरता से लेते हुए हमें पूरी तरह तैयार रहना है। इसके लिए कोविड-हॉस्पिटल और स्वास्थ्य अमला को भी अलर्ट मोड पर रहना है। उन्होंने हॉस्पिटल परिसर में साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी वार्डों का निरीक्षण करते हुए यहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाएं और ऑक्सीजन की उपलब्धता का भी जायजा लिया। सीएमएचओ डॉक्टर एन आर नवरत्न ने बताया कि इस हॉस्पिटल में 50 बिस्तर ऑक्सीजन बेड की पर्याप्त सुविधा है। साथ ही 40 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी उपलब्ध है। हॉस्पिटल परिसर में ही एक ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित किया जा रहा है इससे प्रतिदिन 125 आक्सीजन सिलेंडरों को गैस की आपूर्ति होगी। इसे जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी विश्वदीप एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। इसके पश्चात अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित नवीन जिला अस्पताल स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही डोंगरीगांव में विभिन्न संस्था और कार्यालयों के लिए किये हए जमीन आबंटन का अवलोकन किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 / 2021-22
साकिन- आमाकोनी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदुकमार साहू पिता स्व. रामप्रसाद जाति तेली निवासी ग्राम आमाकोनी प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. सुहेला तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने दादा बिसालिक पिता मनबोध साहू की मृत्यु दिनांक 21/06/1995 को स्थान ग्राम आमाकोनी में हो चुकी है। आवेदक द्वारा अज्ञानतावश अपने दादा बिसालिक पिता मनबोध साहू का मृत्यु पंजीयन संबंधित कार्यालय में नहीं कराया गया है। आवेदक की शासकीय कार्य हेतु अपने दादा बिसालिक पिता मनबोध साहू के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने के कारण उनके जन्म पंजीयन किए जाने बाबत आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अंतर्गत 13(3) की धारा 1 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 19/01/2022 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/01/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सुहेला

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 / 2021-22
साकिन- सकलोर

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्तिकराम उर्फ द्विगु राम पिता स्व. सुखीराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम सकलोर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. सुहेला तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की माता हीराबाई पति सुखीराम साहू की मृत्यु दिनांक 23/11/2006 को स्थान ग्राम सकलोर में हो चुकी है। आवेदक द्वारा अज्ञानतावश अपनी माता हीराबाई पति सुखीराम साहू की मृत्यु पंजीयन संबंधित कार्यालय में नहीं कराया गया है। आवेदक को शासकीय कार्य के कारण उनके मृत्यु पंजीयन किए जाने बाबत आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अंतर्गत 13(3) की धारा 1 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 10/01/2022 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/12/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 21/12/2021
पेशी दिनांक 10/01/2022

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
सुहेला

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा बेलभाठा (अभनपुर) जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्र.-61, श्री बिसहत राम साहू पिता श्री चिन्ताराम साहू पता- ग्राम- दादरझोरी, थाना व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) को स्व वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 13.11.2009 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 26.11.2013 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती भुनेश्वरी बाई सेन पति श्री तेज राम सेन पता- वार्ड नं. 18, बम्हनी, थाना व तहसील छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 29.08.2017 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती भुनेश्वरी बाई सेन पति श्री तेज राम सेन, द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमामित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यता नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा बेलभाठा (अभनपुर) जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्र.-108, श्री परमानंद सेन पिता स्व. श्री हरख राम सेन के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 3743 दिनांक 19.07.2013 के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 03.12.2013 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी श्री परमानंद सेन पिता स्व. श्री हरख राम सेन निवासी- ग्राम नायकबांधा, दुर्गा चौक पो. व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 27.10.2021 को हो जाने के कारण श्री गीतेश्वर कुमार सेन पिता स्व. श्री चिन्ताराम सेन निवासी-नायकबांधा, दुर्गा चौक पो. व तहसील अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन श्री गीतेश्वर कुमार सेन पिता स्व. श्री चिन्ताराम सेन के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भवन का मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.387 दिनांक 17.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि 65/नया जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती नोहर बाई पति राजेन्द्र कुमार वर्मा के नाम से दर्ज है जिसको श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित, दान विलेख द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.386 दिनांक 17.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि 61/763-473 जो कि निगम अभिलेख में 1. नत्थुलाल यादव 2. नकछेड़ 3. जैठू यादव तीनों पिता अर्जुन लाल यादव के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती कुसुम बाई यादव पति स्व. चन्द्रभूषण यादव ने रजिस्ट्री/ लिखित, शपथ पत्र, सहमति पत्र द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छ.ग.)
निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (नन) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
69/89610	Construction of Approach Road Under Mukhyamantri Sugam Sadak Yojna at Gudiyari Area. (Total Length - 2.00 Km) 1) Khamtarai Cg Electric Board To Gondwara Road Sinha Kirana Store. (Length-500m) 2) Janghcl Health Club To Prem Nagar Hanuman Mandir Gudiyari Raipur. (Length-500m) 3) Sulabh Souchalaya Gandhi Nagar To Lalwani Dispensary Gudiyari. (Length-500m) 4) Jhanda Chowk To Guru Ghasidas Primary School Gudiyari. (Length-500m) (सप्तम आमंत्रण)	रु. 53.83 लाख
163/89611	Special Repair of Culverts On (I) Single Row (1000mm Dia) Hume Pipe Culvert In Km 13/6, 19/8 & 19/10 On Tilda-Bhursuda-Gujra-Silpatti-Mohda Road (Ii) Single Row (1000 mm Dia) Hume Pipe Culvert In Km 2/10 On Pachari To Patharakundi Road (Iii) Single Row (lOOOmm Dia) Hume Pipe Culvert In Km 8/4 On Kharora- Kathiya Road (Iv) Single Row (1000mm Dia) Burne Pipe Culvert In Km 11/2 On Kharora-Kathiya Road (V) Hume Pipe Culvert In Km 212, 2/6 & 2/8 On Raikheda-Bhatapara Road (Vi) Side Pitching In Km 116, 1110 & 212 Of Raikheda-Bhatapara Road (Vii) Hume Pipe Culvert In Km 8/8, 912 & 10/6 On Chicholi-Raikheda-Sontara-Deogaon-Khauna Road Under Sub Division Tilda (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 53.99 लाख

एन.आई.टी. क्र. 69 सिस्टम टेन्डर नं. 89610 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.01.2022 समय सायं 5.30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 163 सिस्टम टेन्डर नं. 89611 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.01.2022 समय सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-66491/4

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.-1
रायपुर (छ.ग.)

विजय पाली बने सांसद प्रतिनिधि

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने नगर पालिका परिषद कार्यालय कवर्धा में अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया है। सांसद पांडेय ने भाजपा नेता व पूर्व पार्षद विजय पाली को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विजय पाली नगर पालिका परिषद में होने वाली समस्त बैठकों व विभागीय कार्यवाही में सांसद के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री पाली नगर पालिका परिषद के दो बार पार्षद रह चुके हैं। साथ ही पूर्व में भाजपा शहर मंडल के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। श्री पाली की नगर में अच्छी पकड़ मानी जाती है। श्री पाली ने बताया कि सांसद संतोष पांडेय ने मुझ पर भरोसा जताते हुए नगर पालिका के लिए मुझे अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। मैं उनके भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए आम जनता की समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहूंगा। श्री पाली के सांसद प्रतिनिधि बनने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

बिना मास्क पहने मिले लोगों पर हुई कार्यवाही

भाटापरा/नवप्रदेश। कलेक्टर के मिले सख्त निर्देश के बाद बुधवार को शहर के विभिन्न चोक चौराहो पर स्थानीय प्रशाशन ने एक मुहिम के तहत बिना मास्क के मिले लोगो पर जुर्माना की कार्यवाही की।वही लोगो को समझाइस देते हुए कोरोनो के तीसरे लहर के बारे में अवगत कराया गया। कोविड 19 की तीसरी संभावित वेरियंट से बचाव और उसके रोकथाम के लिए बुधवार को एसडीएम लवीना पांडेय के नेतृत्व में राजस्व,पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने कलेक्टर के मिले निर्देशो का पालन करते हुए शहर के बस स्टैंड,रेल्वें स्टेशन और अन्य स्थानों पर बिना मास्क पहने मिले लोगो से जुर्माना स्वरूप राशि वसूल की। आज के दिन प्रारम्भिक तौर पर सिर्फ100 लोगो पर ही कार्यवाही करते हुए लगभग 10 हजार रुपये का जुर्माना राशि वसूल की गई। इस दौरान एसडीएम लवीना पांडेय ने लोगो को तीसरी लहर के बारे में बताते हुए सुरक्षा के उपाय करते रहने की लोगो को सलाह भी दी।वही उन्होंने नगर के व्यावसायिकगनो, नागरिकों सहित समस्त जनो से बिना मास्क घर से बाहर ना निकलने की गुजारिश की है ताकि कोविड 19 के तीसरे वेरियंट को रोकने में सफ्लता मिल सके।

जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में बैंकों को प्रेषित प्रकरणों का अनुमोदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गरियाबंद और खादी ग्रामोद्योग द्वारा बैंकों को प्रेषित प्रकरणों का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में योजनांतर्गत विभिन्न गतिविधियों से संबधित 230 प्रकरण विभिन्न बैंको को प्रेषित किया गया था, जिसमें सभी 230 प्रकरण स्वीकृत हो चुके है। इस वर्ष उद्योग विभाग द्वारा 74 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किये गए हैं, जिसमें 20 हितग्राहियों का प्रकरण स्वीकृत हुए हैं। इसी प्रकार खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा इस वर्ष 35 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किये गए है, जिसमें 16 प्रकरण स्वीकृत हुए है। बैंक द्वारा 4 हितग्राहियों को राशि वितरण भी कर दी गई है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, गरियाबंद एस.डी.एम विश्वदीप, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एस.के सिंग, खादी ग्रामोद्योग के प्रभारी सहायक संचालक सुशील कुमार बेहरा एवं विभाग के अन्य अधिकारी, समिति सदस्य, ग्राम पंचायत घुटकुनवापारा के सरपंच गुलशन कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल

साजा/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्र. 09 में गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई गई। जिसमें पूजा अर्चना के साथ पंथी नृत्य का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत साजा के विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने आयोजन में शामिल होकर गुरु की पूजा अर्चना की, अपने विचार में कहा कि गुरु घासीदास जी सत्य राह पर चलने को बोले है जिसकों हम सभी को अपनाते हुए सत्य के राह पर चलकर जीवन यापन करने की बात कही। इस अवसर पर पार्षदगण राजेश ठाकुर, अवधेश गोयल, दुर्गा गोयल, बिसरूराम साहू, राधे वर्मा, एल्डरमैन जितेंद्र जैन, रोहित वर्मा, शांता निर्मलकर व नगर के नागरिकगण उपस्थित रहें।

जिला मूल्यांकन समिति गठित

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें में आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए आम जनता को ''नेक दिल इंशान को पुरस्कार प्रदान करने की योजना'' अंतर्गत प्रेरित करने के लिए जिला मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। जिला मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर बेमेतरा को बनाया गया है एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा, जिला परिवहन अधिकारी बेमेतरा को समिति का सदस्य बनाया गया है।

समय सीमा बैठक व कलेक्टर जनचैपाल आगामी आदेश तक स्थगित

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर कोरोना महामारी कोविड-19 संक्रमण के तीसरी लहर की संभावना एवं जिले में बढ़ते संक्रमण दर को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक एवं कलेक्टर जनचैपाल आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

बहुमत होने के बाद भी भाजपा की शर्मनाक हार

मुंगेली नपा अध्यक्ष पर कांग्रेस का कब्जा हेमेंद्र गोस्वामी हुये निर्वाचित

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका में कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है. यहां बहुमत के बाद भी बीजेपी को हार मिली है. नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के हेमेन्द्र गोश्वामी अध्यक्ष बन गए हैं. वहीं बीजेपी के गायत्री देवांगन को हार का सामना करना पड़ा है.

नगर में कांग्रेस ने 10 सीट जीती. जबकि भाजपा के 13 पार्षद थे. इससे पार्टी निश्चिन्त थी कि अध्यक्ष की कुर्सी बीजेपी के पास ही रहेगी. लेकिन ऐन वक्त पर सबकुछ उल्ट पुलट हो गया. कांग्रेस के हेमेंद्र गोस्वामी को नगर पालिका अध्यक्ष चुन लिया गया। 10 पार्षदों के साथ कांग्रेस ने 13 मत हासिल किए हैं. भाजपा को सिर्फ 5 मत मिले हैं. बहुमत के बावजूद मिली हार से भाजपाई निराश दिखे।

मुंगेली नगर पालिका में कांग्रेस का कब्जा बहुमत के बाद भी हारी भाजपा, जमकर हुई क्रॉस वोटिंग, आखिर कैसे पलटी बाजी मुंगेली नगर पालिका में 21 पार्षद हैं, जिनमें से 13 पार्षदों ने कांग्रेस को वोट किया. वहीं भाजपा को केवल 5 पार्षदों ने ही वोट किया. वहीं 3 वोट रिजेक्ट हो गए.पूरे प्रदेश भर में हुए नगरीय निकाय अध्यक्ष चुनाव जैसी ही स्थिति आज मुंगेली नगर पालिका में अध्यक्ष निर्वाचन में देखने को मिली। यहां प्रदेश की सत्तारूढ़ दल का प्रभाव देखने को मिला। जिसके बाद बहुमत के बावजूद भाजपा के अध्यक्ष उम्मीदवार गायत्री आनंद देवांगन को हार मिली और क्रॉस वोटिंग होने के कारण कांग्रेस के उम्मीदवार हेमेंद्र गोस्वामी अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मतदान के दौरान जामुल,बैकुंठपुर के बाद अब मुंगेली नगर पालिका के ऐतिहासिक परिणाम की चर्चा होने का अंदेशा था मगर सत्ता के दम्भ में कांग्रेस को फ्तह मिली। मुंगेली नगर पालिका के आज हुए निर्वाचन में भाजपा की तरफ से कांग्रेस के लिए क्रॉस वोटिंग होने की संभावना लगाई जा रही थी और वैसा करने में कांग्रेस सफ्ल रही। जिसके बाद मुंगेली नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के हेमेंद्र गोस्वामी को विजय मिली। हेमेंद्र को 13 मत, गायत्री आनंद देवांगन को 5 एवं 3 मत अवैध घोषित किया गया।मुंगेली नगर पालिका में आज के परिणाम आने के बाद भाजपा के नगर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अपनी सूझबूझ काम नही आई।

... जब पत्रकारों को भी रोका गया

बहुत सारी विषम परिस्थितियों को देखते हुए निर्वाचन अधिकारी व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षात्मक चाक चैबंद व्यवस्था की थी। मतदान स्थल में अनाधिकृत लोगों के प्रवेश वर्जित रखे गए थे। चाक-चैबंद सुरक्षा का आलम यह है कि भीतर पत्रकारों को भी प्रवेश से रोका गया, जिस कारण प्रेस क्लब सचिव की अधिकारियों से ठन गयी। जिसके बाद कलेक्टर के हस्तक्षेप से पत्रकारों को कवरेज की अनुमति दी गई 5-5 की संख्या में भीतर प्रवेश कर पत्रकार अपना कार्य करते नजर आए ।

प्रतिबंधित मार्ग पर दौड़ रहे भारी वाहन

तेज आवाज से लोग परेशान जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के मुख्य बाजार मार्ग में भारी वाहन दिन में प्रतिबंधित है, इसके बावजूद ऐसे वाहन गुजरते हुए लगातार देखे जा सकते हैं। इन वाहनों में लगे तेज आवाज के हॉर्न से लोग परेशान हैं। इस मार्ग में प्रतिबंध का जरूर बोर्ड लगा है, लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है, बल्कि भारी वाहनें लगातार मार्ग से गुजर रही हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसको लेकर जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सुध नहीं ले रहे हैं। जिसकी वजह से आम लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के तिरंगा चौक से छिंद तालाब तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंधित किया गया है। इसके लिए बकायदा नगरीय प्रशासन ने सूचना पटल भी लगाया है, जिसमें सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक सिर्फस्कूल बसों को छोड़कर भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित है, इसके बावजूद प्रशासन के इस आदेश का खुला माखौल उड़ाते हुए भारी वाहनें बेधड़क दौड़ रही है। वहीं इस चौक में यातायात पुलिस के जवान हमेशा तैनात रहते हैं। इसके बावजूद भारी वाहनों का आवागमन बदस्तूर जारी है।

मालूम हो कि इस मार्ग पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानें एवं मुख्य बाजार होने के चलते यहां हमेशा आम लोगों की भीड़ रहती है। स्थानीय सहित आसपास अंचल के ग्रामीण रोजाना खरीदी करने पहुंचते हैं। इस बीच भारी वाहनों के आवागमन से दुर्घटना का भय बना रहता है। वहीं इन वाहनों के तेज आवाज से भी व्यापारी सहित आमजन खासे परेशान हैं।

उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिला मुख्यालय होने के चलते यहां लगातार यातायात का दबाव बढ़ते ही जा रहा है। इसके साथ ही नगर के मुख्य बाजार (सदर बाजार) मार्ग में लोगों की भीड़ रहती है। इस बीच भारी वाहनों के आवागमन से लोग खासे परेशान हैं। भारी वाहनों के कारण दुर्घटना का भी भय बना रहता है। जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इसे देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।

बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी शुरू हो गया है। मिलर्स व परिवहनकर्ता धान का उठाव कर रहे हैं। वहीं नगर का यह मुख्य बाजार मार्ग जो कि छुरा जाने का शॉर्टकट रास्ता है, इसके अलावा यह आसपास के विभिन्न गांवों को भी जोड़ता है। लिहाजा मिलर्स एवं परिवहनकर्ता कम दूरी का फायदा उठाते हुए प्रतिबंधित मार्ग पर गाड़ियां दौड़ा रहे हैं।

अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए मंत्री अकबर ने दिये 10 लाख

कुंभकार समाज ने मो.अकबर के प्रति आभार व्यक्त किया

कवर्धा/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर ने आज रायपुर स्थित शासकीय निवास में कवर्धा कुंभकार समाज के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर कुंभकार सामाजिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रूपये प्रदान किये जाने की घोषणा की।

अकबर ने शंकर नगर स्थित शासकीय आवास में कवर्धा कुम्भकार समाज का प्रतिनिधि मंडल मुलाकात कर क्षेत्र विकास से सम्बंधित चर्चा कर जन भावनाओं के अनुरूप मंत्री जी द्वारा लगातार क्षेत्र के विकास में दिये जा रहे योगदानों पर धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि माननीय मंत्री जी को बताया कि कवर्धा में होलीक्रॉस स्कूल के सामने स्थित सामाजिक भवन बहुत छोटा है जिसके कारण सुख-दुख जैसे कार्यक्रम को किये जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है उसी सामाजिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण किये जाने हेतु मान.मंत्री जी से निवेदन किया। प्रतिनिधि मंडल की मांग पर मंत्री जी ने तत्काल अपनी विधायक निधि से 10 लाख रु. देने की घोषणा की। कुंभकार समाज के प्रतिनिधियों ने मांग को पूरा करने के लिए व क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्य के लिए कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छ.ग. राज्य अक्षय उर्जा क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, जिला कुम्भकार समाज से गोरेलाल कुम्भकार, पंचुराम कुम्भकार, कुंजराम कुंभकार, नरेश कुम्भकार, बबला कुम्भकार, कमलेश कुम्भकार, पूरन प्रजापति उपस्थित थे।

नपं भोपालपटनम में रिंकी कोरम अध्यक्ष व संतोष कुमार बोरे उपाध्यक्ष निर्वाचित

कांग्रेस पार्टी ज़मीनी स्तर की पार्टी है: मंडावी

बीजापुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत भोपालपटनम के प्रांगण में नव-निर्वाचित पार्षदों का शपथग्रहण और प्रथम सम्मेलन हुआ जिसमें नवनिर्वाचित सभी पंद्रह पार्षदों को पीठासीन अधिकारी हेमंत भुआर्य ने शपथ दिलाया। जिसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष हेतु नाम निर्देशन के पश्चात निर्विरोध रूप से कांग्रेस की रिंकी कोरम अध्यक्ष तो संतोष बोरे उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस नेताओं ने एक दूसरे को बधाइयाँ दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक, पार्षदगण एवं सभी भोपालपटनम नगरवासियों को बधाई एवं शुभ-कामनाएँ देते हुए बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर के विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि ÷कांग्रेस पार्टी को नगरवासियों ने पूरा का पूरा समर्थन दिया है हमने जो-जो भी भोपालपटनम नगर के मतदाताओं से वादा किया है उन वादों को नगरवासियों से मिलकर ज़रूर पूरा करेंगे।

आगे एक सवाल के जवाब में विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ज़मीनी स्तर की पार्टी है और हम ज़मीन पर रह कर कार्य करते है। आगे उन्होंने यह भी कहा की प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार भूपेश बघेल की सरकार और कवासी लखमा की सरकार पर मतदाताओं ने जो भरोसा किया है उस पर हमारे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण ज़रूर कामयाब होंगे।

केंद्र व राज्य की मंशा पर पानी फेरते अधिकारी

योजनाओं के लाभ से है वंचित है किसान

महासमुंद/नवप्रदेश। किसानों को लेकर राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा कृषि व कृषकों के विकास के लिए कृषि योजनाऐं कृषि क्षेत्रों के विकास के लिये बनाती रहीं है। किन्तु जमानी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ किसानों को प्राप्त हो रहा है या नहीं लाभ इसकी सुध लेने, ना ब्लाक अधिकारी ना ही जिला स्तर अधिकारी को पडी है।

मामला महासमुन्द जिले के कृषि विभाग का है जहाँ राज्य और केन्द्र सरकार की योजना किसानों को प्राप्त हो रहा साथ ही पैसा उगाही, योजना समाग्री में कमी और सिर्फ नाम सूची में डाल दिया गया फर्जी हस्ताक्षर कर दिए गए और हितग्राही किसान को समाग्री प्राप्त हुई ही नहीं है ऐसा ही मामला महासमुंद जिले के बागबहारा ब्लॉक के ग्राम गबौद, कोमा,घाडाघाट, बोइरगांव, कहांरपुरी, आमानारा, पतरापाली व अन्य जहां परंपरागत कृषि योजना के अन्तर्गत कृषि समाग्री स्पेयर नेप.,वर्मी बेड,धान बीज, दवाई, ड्रम, व कृषि यंत्र व अन्य वस्तु के वितरण में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत लगाई गई थी शिकायत में किसानों को सामाग्री प्राप्त ना होने सूची में नाम में हस्ताक्षर खुद का ना होने और तय समाग्री को कम कर वितरण साथ ही वितरण निशुल्क समाग्री के एवज़ में पैसा वसूली के शिकायत पर विभागीय जांच की गई है जांच में दोषी पाया गए अधिकारी पर कार्यावाई क्रियांवयन है

इसी प्रकार बसना ब्लॉक के ग्राम खोरापाली मे आर. पी.एस. योजना के तहत उडद दलहन बीज तय मात्रा में निशुल्क वितरण हितग्राही किसानों को वितरण करना था स्थानीय कृषि अधिकारी द्वारा बीज वितरण में भ्रष्टाचार किया गया यहाँ भी तय मात्रा को कम कर तथा पैसा वसूली कर वितरण किया गया साथ ही अधिकतर किसानों को बीज प्राप्त नहीं हुआ पर फर्जी हस्ताक्षर कर विभाग को दस्तावेज जमा कर दिया गया जिसकी शिकायल भी हुई। किंतु विभागीय संरक्षण प्राप्त अधिकारी पर कार्यवाही निरंक है।

डॉ. गदिया ने किया देशमुख फिटनेस का उद्घघाटन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गोबरा नवापारा के मैडम चौक पारागांव रोड नवकार कॉलोनी के पास नव निर्मित देशमुख फिटनेस जिम में मेट्रो सिटी जैसे वर्कआउट की सुविधा वाले पहले जिम की शुरुआत मंगलवार से हो गई। नवकार कालोनी में खुले देशमुख फिटनेस में अत्याधुनिक मशीनें और सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। देशमुख फिटनेस के उद्घाटन पर बतौर मुख्य अतिथि नगर व अंचल से प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र गदिया सहित देशमुख परिवार की मुखिया माता जी मौजूद रहे। देशमुख फिटनेस के संचालक मिस्टर छत्तीसगढ़ 2020 एवं ट्रेनर सोनल देशमुख ने बताया की देशमुख फिटनेस जिम में जो बॉडी बनाने के सामान लगाए है वो पुरे लोहे के है और उन्होंने युवाओं सहित नगर के लोगों से अपील की वो इसका इस्तेमाल करे ।सोनल देशमुख आगे मीडिया के सवालों का जवाब देते हुवे बताया की जिम में पर्सनल ट्रेनिंग के अलावा प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या और मेडिकल कंडीशन के अनुसार अनुभवी प्रशिक्षकों की व्यवस्था है। यहां 10 साल के छोटे बच्चे से लेकर बड़े-बुजुर्गों व महिलाओ के लिये भी फिटनेस के लिहाज से सभी सुविधाएं मुहैया हैं। लोग इस जिम का इस्तेमाल करे कहि बाहर न जाकर अपने ही एरिया में जिम करे।

आदिवासी खिलाड़ियों से मारपीट करने वालों पर दर्ज हो एफआईआर: मुदलियार

- आरोपीयों को तत्काल संस्था से निकाला जाए बीजेपी की प्रशासन से मांग
- आदिवासी छात्रों ने अलग-अलग खेलों में देश दुनिया में अपना लोहा मनवाया, और अपने जिले का नाम रोशन किया

बीजापुर/नवप्रदेश। स्पोर्ट एकेडमी में आदिवासी छात्रों के साथ मारपीट करना और आरोपियों के खिलाफ शिकायत के बावजूद भी एफ्आईआर न होना सरकार अपनी छवि बचाने के लिए प्रशासन के माध्यम से मामले को दबाने का प्रयास कर रही है।भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार का कहना है कि भाजपा की सरकार थी तब आदिवासी युवाओं को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ महेश गागड़ा ने जिला मुख्यालय में आवासीय खेल परिसर का सौगात दिया था वहीं जिले के आदिवासी छात्रों ने निराश भी नही किया अलग-अलग खेलों में देश दुनिया मे अपना लोहा मनवाया, और अपने जिले का नाम रोशन किया।

पीड़ितों को मिलना चाहिए न्याय

भाजपा युवाओं को जोड़ने का कार्य करते आई है ठीक उलट आज कांग्रेस उन युवाओं को डंडे लाठियों से मारकर तोड़वा रही है यह स्वीकार्य नही है। कोई भी शिक्षक ऐसे मारपीट कैसे कर सकता है, आदिवासी खिलाड़ी आगे न बड़े सरकार और प्रशासन यही चाहती है क्या? सरकार और प्रशासन स्पष्ट करे आरोपियों पर कार्यवाही होगी या नही, भारतीय जनता पार्टी आदिवासी युवाओं के साथ खड़ी है पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए।

परन्तु वर्तमान सरकार आदिवासी खिलाड़ियों का अपमान और जानवरों की तरह मारपीट करने वाले शिक्षकों के साथ खड़ी है,सदैव आदिवासी हितैषी होने की बात कांग्रेस सरकार करती है लेकिन आज अपनी छवि का बदनाम के डर से प्रशासन को आगे कर खिलाड़ियों के साथ हुई बेरहम मारपीट को दबाने का प्रयास कर रही है। मुदलियार ने आगे कहा है कि घटित घटना बहुत गंभीर है, इस पर अविलम्ब एफ्आईआर दर्ज हो साथ ही आरोपीयों को तत्काल संस्था से निकाला जाए प्रशासन से मांग करते हैं।